पटना ●रविवार , 6 अप्रैल 2025 मूल्यः 5:00, पृष्ठः 8 वर्षः 6 , अंकः88 www. bordernewsmirror@gmail.com 9471060219, 9470050309

BORDERNEWSMIRROR BNM to the point...

राष्ट्रीय द्विभाषिक समाचार पत्र

RNI N.- BIHBIL/2022/88070

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



शांतिपूर्ण एवं सद्भाव के वातावरण ... 3 www. bordernewsmirror.com स्टाइल और ग्लैमर के मामले... 7

## नौंवमी मां सिद्धिदात्री



मां सिद्धिदात्री आपको जीवन में अद्भुत सिद्धि, क्षमता प्रदान करती हैं ताकि आप सब कुछ पूर्णता के साथ कर सकें। सिद्धि का क्याअर्थ है। सिद्धि, सम्पूर्णता का अर्थ है विचार आने से पूर्व ही काम का हो जाना। आपके विचारमात्र, से ही, बिना किसी कार्य किये आपकी इच्छा का पूर्ण हो जाना यही सिद्धि है।

## वक्फ बोर्ड बिल पर 'इंडिया' में दरार, कांग्रेस गई सुप्रीम कोर्ट

● शिवसेना नेता संजय राउत बोले-हमारे लिए चैप्टर क्लोज

**मुंबई (एजेंसी)।** वक्फ बिल दोनों सदनों से पारित हो चुका है, सरकारी इसे एक तरफ अपनी बड़ी सफलता मान रही है तो वहीं विपक्ष इसे मुस्लिम अधिकारों के खिलाफ बता रहा है। वैसे अभी वक्फ संशोधन बिल को लेकर इंडिया गठबंधन में एकता देखने को नहीं मिल रही है। डीएमके और कांग्रेस की तरफ से तो इस विधेयक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है, लेकिन उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने दो टूक कहा है कि वे सुप्रीम कोर्ट नहीं जाने वाले हैं। मीडिया से बात करते हुए संजय राउत ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट नहीं जाने वाले हैं। हमने हमारा काम पूरा कर दिया है, जो कहना था, जो बोलना था, वो सब दोनों ही संसद में हम कर चुके हैं, यह फाइल हमारे लिए अब बंद है। अपनी बात को आगे बढ़ते हुए संजय राउत ने कहा कि जो भी शख्स इस बिल को हिंदुत्व से जोड़ने की कोशिश कर रहा है, उससे बड़ा मूर्ख कोई और नहीं। असल में सरकार चाहती है कि इस बिल के जरिए उद्योगपतियों के लिए बोर्ड की संपत्ति पर कब्जा करना और आसान हो जाए।



# शानदार बीता संसद का बजट सत्र, अबकी जमकर हुए काम


● वक्फ बोर्ड बिल पर बहस ने भी बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में खूब काम हुए। इस सत्र को काफी उत्पादक माना जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घोषणा की कि लोकसभा की उत्पादकता 118 फीसदी रही, जबकि राज्यसभा की उत्पादकता 119 फीसदी रही। दोनों सदनों ने विशेष रूप से वक्फ (संशोधन) बिल और मणिपुर में राष्ट्रपति शासन के प्रस्ताव पर लंबी बहस की। लोकसभा ने केंद्रीय वक्फ कानून में संशोधन पर 13.53 घंटे चर्चा की और बिल को सुबह 2 बजे के बाद मंजूरी दी। राज्यसभा ने भी इस बिल पर 12.49 घंटे चर्चा की और इसे लगभग 2.30 बजे मंजूरी दी। दोनों सदनों ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन पर बहस की, जो दशकों बाद हुई एक दुर्लभ घटना थी। यह सत्र 31 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण से शुरू हुआ था, जो कि 10 बिलों को मंजूरी देने के बाद समाप्त हुआ। इसके विपरीत 2024 के शीतकालीन सत्र में लोकसभा और राज्यसभा की उत्पादकता क्रमशः 52 फीसदी और 39 फीसदी रही। केवल एक बिल को पारित किया जा सका था। ओम बिरला ने अपने समापन भाषण में बताया कि लोकसभा ने इस सत्र के दौरान 26 बैठकें आयोजित कीं और कुल 160 घंटे 48 मिनट काम किया। राज्यसभा ने 159 घंटे काम किया। इस सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण, बजट और वक्फ बिल पर लंबी बहसें हुईं। सरकार ने विपक्ष के प्रमुख मुद्दों पर किसी भी बहस को अस्वीकार कर दिया। विपक्ष ने चुनावी पहचान पत्र संख्या की पुनरावृत्ति पर बहस की मांग की थी, लेकिन इसे खारिज कर दिया गया। विपक्ष के नेताओं द्वारा कई बार स्थगन प्रस्ताव दायर किए गए, लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया।



## कुणाल कामरा फिर मुंबई पुलिस के सामने नहीं हुए पेश

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा शनिवार को भी मुंबई पुलिस के सामने पेश नहीं हुए। यह तीसरी बार है जब कामरा ने पुलिस द्वारा भेजे गए समन का पालन नहीं किया। इससे पहले पुलिस ने कामरा को दो समन भेजे थे। उधर, कुणाल कामरा को बड़ा झटका लगा है। काम देने वाली एजेंसी ने भी शनिवार को उनसे जुड़ा सारा कंटेंट हटा दिया है। इतना ही नहीं अपनी वेबसाइट से आर्टिस्ट्स लिस्ट से भी उनका नाम हटा दिया है। दरअसल, शिवसेना नेता राहुल कनाल ने 3 अप्रैल को बुक माय शो को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने अनुराध किया था कि वे कुणाल कामरा को उनके आगे के शो के लिए टिकट प्लेटफॉर्म उपलब्ध न कराएं। कुणाल कामरा 1 अप्रैल को मद्रास हाईकोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने दावा किया था कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है, इसलिए उन्हें ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी जाए।



## वक्फ के नाम पर कब्जे वाली जमीनें जल्द लेंगे वापस

**महाराजगंज (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद से पास हो चुके वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर आगे का प्लान भी शनिवार को बता दिया। महाराजगंज में योगी ने कहा कि लाखों एकड़ जमीन वक्फ बोर्ड के नाम पर कब्जा किए जाने का काम किया गया था। चंद लोगों का लूट का माध्यम बन गया था। जिस पर अब पूरी तरह से लगाम लगेगी। इन जमीनों को वापस लिया जाएगा। अब वक्फ बोर्ड की जमीन पर कोई डकैती नहीं डाल पाएगा। चौराहों की जमीनों पर कोई कब्जा नहीं कर सकता है। जो भी सार्वजनिक जमीन होगी उनको विद्यालय, चिकित्सालय, कॉलेज एवं मेडिकल कॉलेज बनाने के काम में लिया जाएगा। सीएम योगी महाराजगंज में नौतनवा ब्लाक के रतनपुर में डेढ़ सौ करोड़ की लागत से बने रोहिन बैराज का लोकार्पण करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे वर्षों तक उत्तर प्रदेश की कमान संभालने वाली सरकारों के पास अपना पेट भरने से ही फुर्सत नहीं थी। मुख्यमंत्री ने साढ़े छह सौ करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण किया।



# अगले चैत्र की नवरात्रि तक खत्म हो जाएगा लाल आतंक

● अमित शाह बोले-नक्सली सरेंडर करें तभी बन पाएगी कुछ बात

**दंतेवाड़ा में कहा-बस्तर 'पंडुम' को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाएंगे**

दंतेवाड़ा (एजेंसी)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दंतेवाड़ा में कहा कि अगले चैत्र नवरात्रि तक लाल आतंक खत्म हो जाएगा। बस्तर से नक्सलवाद खत्म होने के कगार पर है। नक्सलियों से अपील है कि वो सरेंडर करें। लोगों से कहा नक्सलियों को सरेंडर कराकर गांवों को नक्सल मुक्त बनाइए। हर गांव को एक करोड़ मिलेगा। शाह ने कहा कि बस्तर पंडुम को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाएंगे।

कांग्रेस ने 75 साल तक गरीबी हटाओ का नारा लगाया। पीएम मोदी ने करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। करोड़ों गरीबों को फ्री राशन मिल रहा है। नक्सलियों से फिर कहा कि किसी को कोई मारना नहीं चाहता, नक्सली सरेंडर करें। भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार संरक्षण देगी। इससे पहले मंच पर पहुंचने पर सीएम साय ने उन्हें गौर मुकुट पहनाकर स्वागत किया। उन्हें कोंडागांव का प्रसिद्ध ढोकरा आर्ट भेंट किया। अमित शाह ने कहा कि मैं अभी-अभी मां दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन करके आया हूं। माता से आशीर्वाद लेकर आया हूं कि अगले चैत्र नवरात्र तक लाल आतंक का सफाया हो जाएगा। अगले साल बस्तर पंडुम के नाम से आयोजन होगा। जिसमें देश के हर एक कोने से आदिवासी समुदाय के लोग, जनजाति के लोग यहां पहुंचेंगे।




● **आने वाले 1 साल में बस्तर लाल आतंक से मुक्त होगा**– गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आने वाले 1 साल में बस्तर लाल आतंक से मुक्त होगा। गृहमंत्री अमित शाह लौह पुरुष हैं। उन्होंने संकल्प लिया है कि बस्तर से नक्सलवाद का खात्मा किया जाएगा। बस्तर के इस कार्यक्रम में सभी जनजातियों के विभिन्न पारंपरिक और सांस्कृतिक परम्पराओं को लेकर आए हैं। इसी को लेकर बस्तर पंडुम का आयोजन हुआ। 32 जनपद, 7 जिलों में आयोजन हुआ। अब संभाग स्तरीय आयोजन किया जा रहा है। आज का यह कार्यक्रम विश्व रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। इतनी विविधताएं लेकर एक कार्यक्रम हुआ है। बस्तर पंडुम को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। बस्तर के गांव नौ जवान विश्व पटल पर सामने आकर अपने मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। बस्तर और देश से नक्सलवाद का खात्मा किया जाएगा।

## मंदिर-पानी और श्मशान सब हिंदुओं के लिए एक होना चाहिए

● मोहन भागवत बोले-हिंदू समाज के सभी पंथ, जाति, समुदाय एक साथ आएं ● काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए, बीएचयू के छात्रों से पूछा-संघ क्या है

वाराणसी (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत शनिवार सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से 15 मिनट मंत्रोच्चार के बीच बाबा का दर्शन-पूजन और अभिषेक किया। मंदिर न्यास के पदाधिकारियों के साथ भागवत ने बाबा धाम की भव्यता देखी। उन्हें धाम में चल रही सभी व्यवस्थाओं के बारे में बताया। आज संघ प्रमुख काशी के प्रबुद्धजनों से मुलाकात करेंगे। उनके साथ संघ के विस्तार पर चर्चा करेंगे। वहीं, शुक्रवार शाम मोहन भागवत ने बीएचयू आईआईटी के छात्रों को हिंदुत्व का पाठ पढ़ाया। कहा- हिंदू समाज के सभी पंथ, जाति, समुदाय साथ आएं। श्मशान, मंदिर और पानी सब हिंदुओं के लिए एक होना चाहिए। शुक्रवार को संघ प्रमुख बीएचयू आईआईटी के जिमखाना मैदान में 70 मिनट तक रहे। उन्होंने छात्रों का योग, खेल और वैदिक मंत्रों का उच्चारण देखा।



## भाजपा अध्यक्ष पद की दौड़ से पीछे हटे अन्नामलाई

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष अन्नामलाई ने शुक्रवार को कहा कि वह राज्य इकाई के अध्यक्ष पद की दौड़ में नहीं हैं, क्योंकि उनकी पार्टी में किसी प्रतिस्पर्धा की कोई गुंजाइश नहीं है और अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से होता है। कोयंबटूर में संवाददाताओं से बात करते हुए अन्नामलाई से पूछा गया कि क्या वह तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष पद की दौड़ में हैं। इसके जवाब में उन्होंने कहा, मैं नए प्रदेश अध्यक्ष पद की दौड़ में नहीं हूं। अन्नामलाई से पूछा गया कि अटकले हैं कि अन्नाद्रमुक नेतृत्व 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करने के लिए उन्हें राज्य इकाई के अध्यक्ष पद से हटाना चाहता है। इस पर उन्होंने कहा कि वह कोई टिप्पणी करने के इच्छुक नहीं हैं। उन्होंने कहा, जहां तक मेरा सवाल है, भाजपा को आने वाले समय में अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। हम नए अध्यक्ष के चुनाव के समय इस बारे में बात करेंगे। अन्नामलाई ने कहा कि यह जल्द ही हो सकता है।



# श्रीलंका ने पहली बार भारत के साथ किया रक्षा समझौता

● कहा-अपनी धरती का इस्तेमाल भारत के खिलाफ कभी नहीं होने देगा ● भारत के सुरक्षा हितों को लेकर श्रीलंका ने दूर कर दी चीन वाली टेंशन

**कोलंबो (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें एक ऐतिहासिक रक्षा सहयोग समझौता भी शामिल है। यह पहली बार है जब भारत और श्रीलंका ने रक्षा क्षेत्र में ऐसा कोई औपचारिक समझौता किया है। इस दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार अपनी धरती का इस्तेमाल कभी भी भारत की सुरक्षा हितों के खिलाफ नहीं होने देगी। यह बयान चीन के बढ़ते प्रभाव और निवेशों को लेकर भारत की चिंताओं को दूर करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। दोनों पक्षों ने त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए भी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। श्रीलंका के पूर्वी क्षेत्र में नई दिल्ली की बहु-क्षेत्रीय अनुदान सहायता पहुंचाने के लिए एक और समझौता किया गया। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति दिसानायके ने सामपुर सौर ऊर्जा परियोजना का भी डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। मोदी बैंकॉक की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद शुक्रवार शाम कोलंबो पहुंचे थे। उन्होंने बैंकॉक में बिम्सटेक (बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) के शिखर सम्मेलन में भाग लिया था।





**महत्वपूर्ण रक्षा सहयोग समझौता**

यह समझौता दोनों देशों की सैन्य क्षमताओं और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है। एक और समझौते के तहत भारत श्रीलंका के पूर्वी क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक विकास हेतु अनुदान सहायता देगा। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति दिसानायके ने संयुक्त रूप से इस परियोजना की शुरुआत की, जो दोनों देशों के ऊर्जा सहयोग का प्रतीक है। यह दौरा भारत-श्रीलंका संबंधों को एक नई ऊंचाई पर ले जाने वाला माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ रणनीतिक और आर्थिक सहयोग को और गहराने में जुटा है। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने कहा कि श्रीलंका को भारत द्वारा दी गई सहायता दुनिया के किसी भी देश को दी गई भारतीय सहायता के संदर्भ में ''अभूतपूर्व'' है। झा ने कहा, ''यह बहुत बड़ी सहायता थी और हम विभिन्न क्षेत्रों में सहायता प्रदान करने के लिए श्रीलंका के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसकी यहां बहुत सराहना की जाती है।''

● मणिपुर में शांति बहाली को लेकर दिल्ली में बैठक

## केंद्र सरकार से मिले मैतेई-कुकी समुदाय के प्रतिनिधि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने शनिवार को दिल्ली में मैतेई और कुकी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक का मकसद दोनों समुदायों के बीच विश्वास बहाली और स्थायी शांति स्थापना था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बैठक में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सामुदायिक मेल-मिलाप की रणनीति पर चर्चा हुई। मैतेई समुदाय की ओर से ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गेनाइजेशन और फेडरेशन ऑफ सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन के 6 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जबकि कुकी समुदाय की ओर से 9 प्रतिनिधि शामिल हुए। इंटेलीजेंस ब्यूरो के पूर्व स्पेशल डायरेक्टर एके मिश्रा केंद्र सरकार के वार्ताकार के तौर पर मौजूद रहे। गृह मंत्री अमित शाह ने 3 अप्रैल को लोकसभा में कहा था कि मंत्रालय मैतेई और कुकी संगठनों के साथ पहले भी बातचीत कर चुका है और जल्द ही संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता मणिपुर में शांति बहाल करना है। मई 2023 में मैतेई समुदाय को एसटी दर्जा देने के खिलाफ हुए आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद हिंसा भड़क उठी थी। अब तक लगभग 250 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। 50 हजार से ज्यादा विस्थापित हैं। राज्य में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। विधानसभा को निलंबित किया गया था। पूर्व गृह सचिव रह चुके मणिपुर के नए राज्यपाल अजय कुमार भल्ला लोगों से मिलकर शांति बहाली के प्रयास कर रहे हैं। 21 मार्च को 6 जजों की टीम ने दौरा भी किया था।




## जेडीयू के 5 सुझाव माने तब ही नीतिश ने दिया समर्थन

**पटना (एजेंसी)।** वक्फ बिल के संसद से पारित होने के बाद बिहार की मुख्यमंत्री नीतिश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में मचे घमासान पर पार्टी ने संशय दूर किया है। जेडीयू के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने कहा कि वक्फ बिल पर नीतिश के पांच सुझाव माने गए, तब जाकर पार्टी ने इस पर अपना समर्थन दिया। जेडीयू के मुस्लिम नेताओं ने शनिवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पार्टी में बगावत को लेकर चल रहीं सभी अटकलों को दूर कर दिया। इस पीसी में एमएलसी गुलाम गौस और पूर्व सांसद अहमद अशफाक करीम जैसे नेता भी मौजूद रहे, जिन्होंने पिछले दिनों वक्फ बिल का खुलकर विरोध किया था। हालांकि, उन्होंने पीसी में कुछ नहीं बोला। जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी और प्रवक्ता अंजुम आरा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने मुस्लिम समाज के उत्थान के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है।



## संक्षिप्त समाचार

### मोतीझील में मीट दुकानदार के घर से 15 लाख नकद सहित 20 लाख की चोरी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मोतीझील में मीट व्यवसायी मो.रियाज के फ्लैट का ताला तोड़कर 15 लाख नकद और पांच लाख के आभूषण सहित 20 लाख से अधिक की संपत्ति चोरी कर ली गई। घटना गुरुवार रात नगर थाना से महज 100 मीटर दूर थाने के पीछे की है। इस संबंध में पीड़ित ने शुक्रवार को नगर थाने में एफआईआर के लिए आवेदन दिया है। इसमें पड़ोसी किराएदार पर चोरी का आरोप लगाया है। उसके आधार पर पुलिस ने आरोपित पड़ोसी किरायेदार और उसकी पत्नी व साला को हिरासत में लिया है। तीनों से नगर थाने पर पूछताछ की जा रही है। तीनों से नगर डीएसपी सीमा देवी ने भी नगर थाने पर जाकर पूछताछ की है। मीट व्यवसायी ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से इस्लामपुर रोड का रहने वाला है। वहां उसकी दुकान है। वह नगर थाना के पीछे यानी मोतीझील स्थित फ्लैट में पांचवे तल्ले पर पिछले ढाई साल से किराये पर रह रहा है। पुलिस को बताया कि गुरुवार की शाम छह बजे फ्लैट में ताला बंदकर साढ़ू के घर ईद की दावत पर गया था। रात करीब 11 बजे लौटने पर उनके फ्लैट के मेन गेट का हैंडल हटा था। ताला को तोड़कर फ्लैट के गलियारे में फेंका गया था। अंदर जाने पर फ्लैट में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा था। ट्रंक का ताला तोड़कर पेटी और गोदरेज का लॉक तोड़कर 15 लाख कैश व पांच लाख के आभूषण चोरी किए गए थे। पीड़ित ने बताया कि गुरुवार को पड़ोसी किरायेदार कॉल कर हर मिनट की खबर ले रहा था। इसके अलावा उसके घर से आरी और ब्लेड भी मिला है। साथ ही उसके हाथ पर जख्म के निशान मिले हैं, इसलिए उसपर चोरी करने का संदेह है। इधर, नगर थानेदार शरत कुमार ने बताया कि आवेदन की जांच कर एफआईआर की कवायद की जा रही है। चोरों की पहचान के लिए उस मकान और गली में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

### एक दर्जन से अधिक संचालकों ने थाने में जमा कराया डीजे सेट

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** रामनवमी को लेकर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर डीजे सेट थाने में जमा कराया जा रहा है। इस क्रम में सदर, नगर, सिकंदरपुर, अहियापुर, मिठनपुरा, बेला और अन्य थानों में एक दर्जन से अधिक डीजे सेट व एम्पलीफायर जमा कराए गए हैं। दरअसल, आदेश के अनुपालन को शहर के दो दर्जन से अधिक डीजे संचालकों को थाना से नोटिस गया था। जानकारी हो कि रामनवमी पर डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस ने कहा है कि रामनवमी के दौरान डीजे या एम्पलीफायर किराये पर दिया या उपयोग में लिया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे संचालकों की पहचान कर पुलिस एफआईआर कर सकती है। पुलिस प्रशासन की ओर से बताया गया है कि रामनवमी के बाद 8 अप्रैल को सभी जमा डीजे सेट संचालकों को लौटा दिए जाएंगे।

### 35 बीएलओ से मांगा गया स्पष्टीकरण

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** समय पर मतदाताओं से जुड़ी रिपोर्ट का काम काम पूरा नहीं होने या संबंधित एप पर दर्ज नहीं करने को लेकर मुशहरी बीडीओ मुशहरी ने शुक्रवार को 35 बीएलओ से मांगा है। कहा है कि समय पर कार्य निष्पादन नहीं होने को लेकर क्यों नहीं आपके खिलाफ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम को संसूचित कर दिया जाए। दरअसल, निर्वाचन विभाग ने दोहरी प्रविष्टि से संबंधित वोटरों का आवेदन 28 मार्च को ईआरओ नेट पर उपलब्ध कराया था। इसके आलोक में संबंधित बीएलओ को दूरभाष व व्हाट्सएप के माध्यम से बार-बार सूचना दी गई। हालांकि शुक्रवार तक प्रपत्र सात का चेकलिस्ट वेरिफिकेशन नहीं किया गया। इस कार्य का निष्पादन 6 अप्रैल तक कर लिया जाना है।

# 7 अप्रैल को बेगूसराय आएंगे राहुल गांधी कन्हैया के साथ पदयात्रा में शामिल होंगे

**लगे होर्डिंग्स हमारा संकल्प जन्मभूमि को कर्मभूमि में बदलना**




**बेगूसराय, एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 7 अप्रैल को बेगूसराय में एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार की पलायन रोको-नौकरी दो पदयात्रा में शामिल होंगे। राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर तैयारी तेज कर दी गई है। पूरा बेगूसराय शहर और पदयात्रा के रूट पर होर्डिंग लगाए जा रहे हैं।

राहुल गांधी 7 मार्च को सुबह 9:00 बजे बेगूसराय के आईटीआई मैदान में हेलीकॉप्टर से उतरेंगे। इसके बाद वह कन्हैया कुमार के साथ पलायन रोको नौकरी दो पदयात्रा में शामिल होंगे। करीब 1 किलोमीटर की यात्रा के दौरान राहुल गांधी नुक्कड़ सभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद उलाव से हवाई मार्ग से पटना के लिए रवाना हो जाएंगे। राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है तो कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। कन्हैया कुमार की पदयात्रा में जब 7 अप्रैल को गृह जिला बेगूसराय पहुंच रही है तो इसमें एक बदलाव देखने को मिल रहा है। लगाए गए होर्डिंग में नारा दिया गया है हमारा संकल्प जन्मभूमि को कर्मभूमि में बदलना है।

### जगह-जगह लगाए जा रहे होर्डिंग्स

जगह-जगह लगाए जा रहे होर्डिंग्स के बाद इस नारा के कई मायने निकाले जा रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में गिरिराज सिंह से हार चुके कन्हैया कुमार 2025 का विधानसभा चुनाव बेगूसराय से चुनाव लड़ सकते हैं। इससे एक ओर महागठबंधन के सहयोगी दलों पर दबाव बनेगा। दूसरी ओर बहुमत आने की स्थिति में कांग्रेस कन्हैया कुमार पर सीएम पद का दांव खेल सकती है। राजनीतिक हलकों में कयास लगाया जा रहा है कि बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित बड़े बदलाव के बाद अब कांग्रेस बिहार में इसी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में कोई बड़ा गेम खेल सकती है। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी बिहार प्रभारी कृष्ण अल्लावरु को दी गई है।

### बिहार में बेरोजगारी और पलायन एक बड़ी समस्या है

बिहार में बेरोजगारी और पलायन एक बड़ी समस्या है और इन समस्या को लेकर कन्हैया कुमार पदयात्रा कर रहे हैं, जिसे भरपूर समर्थन में जन समर्थन मिल रहा है। पदयात्रा के दौरान कन्हैया जब अपने गृह जिला बेगूसराय आएंगे तो उसे पदयात्रा में राहुल गांधी का शामिल होना कोई बड़ा संदेश दे रहा है। इधर, राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की आपात बैठक शनिवार को कांग्रेस भवन में बुलाई गई। जिसमें राहुल गांधी के कार्यक्रम और पदयात्रा के रूट आईटीआई मैदान से वीर कुंवर सिंह चौक, फ्लाई ओवर, बस स्टैंड, पावर हाउस चौक, सुभाष चौक, हर-हर महादेव चौक, जीरोमाइल, बीहट होते हुए सिमरिया पुल से पटना की ओर प्रस्थान करने पर चर्चा होगी।

### राहुल गांधी का कन्हैया की पदयात्रा में आना संयोग नहीं

राजनीतिक गतिविधियों पर संवेदनशील वरिष्ठ पत्रकार महेश भारती कहते हैं कि राहुल गांधी का कन्हैया की पदयात्रा में बेगूसराय आना महज एक संजोग नहीं है। सात अप्रैल को कांग्रेस के सबसे बड़े और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बेगूसराय आ रहे हैं। वे जेएनयू कैंपस से चर्चित बेगूसराय के ही बीहट गांव निवासी कन्हैया कुमार की पदयात्रा का उत्साह बढ़ाने आ रहे हैं। कन्हैया ने 2019 में बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव सीपीआई के टिकट पर लड़ा था। लेकिन, उन्हें भाजपा के कद्दावर नेता गिरिराज सिंह से पराजित होना पड़ा। बाद में सीपीआई में बनावट नहीं होने और राजनीतिक करियर के उफान पूरा करने के लिए कन्हैया कांग्रेस के राहुल ब्रिगेड में शामिल हो गए। 2024 का लोकसभा चुनाव उन्होंने दिल्ली के एक संसदीय क्षेत्र से लड़ा और पराजित होना पड़ा। पिछले महीने से उन्होंने बिहार में पलायन रोको-नौकरी दो पदयात्रा शुरू की। बिहार के जिलों सहित वे युवाओं और कांग्रेसियों की टीम के साथ गुजर चुके हैं।

### कांग्रेस का 1990 तक प्रभाव रहा

कांग्रेस बेगूसराय में एक सशक्त संगठन और प्रभाव 1990 तक बना रहा, लेकिन 1990 में जनता दल और कम्युनिस्ट पार्टी के गठजोड़ से कांग्रेस पराजित होती गई और तब से लगातार गठजोड़ का खामियाजा भुगतते कांग्रेस को हार ही हार मिलती रही। 2015 में राजद गठजोड़ की वजह से इसके दो एमएलए अमित भूषण और रामदेव राय चुने गए, लेकिन सांगठनिक प्रभाव की खोई गरिमा उसे नहीं मिल सकी। कांग्रेस के अभय कुमार सिंह सार्जन जैसे संगठन को सशक्त और प्रभावशाली बनाने में लगे रहे हैं। जातीय और संप्रदायों के वोट ध्रुवीकरण ने कांग्रेस के संगठन को नुकसान तो पहुंचाया, लेकिन जिले में कांग्रेस के कार्यकर्ता और कार्यक्रम को लेकर जागरूकता बनी रही।

### कांग्रेस के कार्यालय की जमीन और मकान जिले में है

अभी भी स्वतंत्रता आंदोलन के समय में स्थापित कांग्रेस के कार्यालय की जमीन और मकान बेगूसराय, मंझौल, तेघड़ा, बलिया आदि में कांग्रेस भवन के नाम पर हैं। लेकिन रचनात्मक कार्यक्रम की कमी और गठजोड़ की राजनीति के कारण वे बियाबान पड़े हैं। बेगूसराय में सात विधानसभा क्षेत्र हैं और कम से कम तीन विधानसभा क्षेत्र मटिहानी, बेगूसराय और बछवाड़ा में उसके पास सशक्त और प्रभावशाली नेता हैं। कन्हैया का गृह क्षेत्र तेघड़ा पर सीपीआई का कब्जा है। अब इस पदयात्रा के बाद जिले की कांग्रेस राजनीति पर क्या असर पड़ेगा यह तो आगे आने वाला समय बताएगा। लेकिन बेगूसराय में कांग्रेस के कन्हैया और राहुल गांधी कितना संगठन के लिए प्रभावी और कितने विधानसभा की सीटें झटक पाते हैं, लोगों की नजर इस पर रहेगी।

### बेगूसराय राजनीतिक रूप से जागरूक और संवेदनशील जिला

बेगूसराय राजनीतिक रूप से जागरूक और संवेदनशील जिला रहा है। आजादी के बाद के संसदीय इतिहास में इस जिले ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर के की नेता दिए हैं। कांग्रेस के रामचरित्र बाबू आजादी से पहले ही बिहार लेजिस्लेटिव कांउसिल के मेंबर बन चुके थे। वे बिहार-झारखंड-उड़ीसा के प्रथम एमएससी थे। प्राध्यापक की नौकरी छोड़कर उन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और आजादी बाद तेघड़ा से एमएलए चुनकर बिहार के प्रथम विद्युत सिंचाई मंत्री बने। बाद के दिनों में उनके बेटे चंदशेखर सिंह सीपीआई के उत्तर भारत के प्रथम एमएलए बने और सीपीआई के बड़े नेता हुए। स्वतंत्रता आंदोलन के बाद बेगूसराय के विधायक और सांसद कांग्रेस पार्टी के नेता ही बनते रहे। उनमें मथुरा प्रसाद मिश्र, ब्रह्मदेव सिंह, मिटठन चौधरी, हरिहर महतो, भोला सिंह, रामदेव राय, प्रमोद कुमार शर्मा, मेदनी पासवान आदि थे।

# बिहार में शराबबंदी के बाद 190 लोगों की जहरीली दारू से मौत : सरकारी आंकड़ा



**पटना, एजेंसी।** बिहार में शराबबंदी लागू होने के बाद बीते 9 सालों के भीतर जहरीली शराब से 190 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। यह आंकड़ा राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है। सारण, सीवान, गया, भोजपुर, बक्सर और गोपालगंज जिले में सबसे ज्यादा जहरीली शराब पीने से लोगों की जानें गई हैं। हालांकि, यह सरकारी आंकड़ा है। बीते 9 सालों में विभिन्न जिलों में जहरीली शराबकांड की वजह से सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। नीतीश सरकार ने अप्रैल 2016 में बिहार में शराब के निर्माण, व्यापार, भंडारण, परिवहन, बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया था।

हालांकि, राज्य में शराब तस्करों के खिलाफ चल रहे अभियान के बावजूद दारू की तस्करी बेरोकटोक जारी है। मद्य निषेध, उत्पाद शुल्क और पंजीकरण विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि 2016 से अब तक विभिन्न जिलों में लगभग 190 की मौतों की पुष्टि हुई हैं। विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि 31 मार्च 2025 तक, शराबबंदी कानून के तहत कुल 9.36 लाख मामले दर्ज किए गए। इनमें से अब तक कुल 14.32 लाख लोगों को गिरफ्तार किया गया है। संबंधित अधिकारियों ने अब तक 3.86 करोड़ लीटर शराब जब्त की है, जिसमें देशी दारू भी शामिल है। 31 मार्च 2025 तक, विभाग ने जब्त की गई 97 प्रतिशत शराब नष्ट कर दी, जो लगभग 3.77 करोड़ लीटर है।

### शराब केस में जब्त वाहनों से सरकार की चांदी

मद्य निषेध विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के विभिन्न हिस्सों में शराब के परिवहन में इस्तेमाल किए गए 1.40 लाख वाहनों को भी जब्त किया गया है। इनमें से 74,725 वाहनों की नीलामी की जा चुकी है।

इससे सरकार को 340.55 करोड़ रुपये की आय हुई है। विभाग और पुलिस अधिकारी राज्य के कुछ जिलों में शराबबंदी कानूनों का उल्लंघन करने वालों को पकड़ने के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके अलावा, विभाग शराबबंदी कानूनों के उल्लंघन से संबंधित अपराधों में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए 33 खोजी कुत्तों की सहायता भी ले रहा है।



# नूतन नगर में सड़क पर बह रहा नाली का पानी, लोग परेशान

**गया, एजेंसी।** शहर के वार्ड संख्या 37 नूतन नगर के कोने पर नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। नाली का पानी सड़क पर बहने से ना सिर्फ स्कूली बच्चे बल्कि शुक्रवार को छठ घाट पर जाने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क पर इस तरह से पानी बह रहा है कि लोगों को पैदल चलना मुश्किल है। उन्हें नाली के पानी से ही गुजर कर जाना है। ऐसे में लोगों ने कहा कि घर से स्नान कर छठ के लिए निकले नाली के पानी से गुजरने से आस्था को ठेस पहुंचा है। ऐसी ही रहती है स्थिति स्थानीय दुकानदार मनोज कुमार ने बताया कि यह इलाका सबसे पॉश इलाका माना जाता है। यहां से निगम को अधिक राजस्व की प्राप्ति होती है। इसके बावजूद यह हाल है। यह आज का नहीं बल्कि अक्सर यहीं हाल देखने को मिलेगा। बारिश के दिनों में तो इधर लोग आना नहीं चाहते है। दुकानदारी मंदा पड़ जाता है। इसके लिए ना सिर्फ पार्षद व नगर निगम बल्कि यहां के विधायक व सांसद भी दोषी है जो इस मोहल्ले के विकास का ध्यान नहीं देते है।

### नाली के पानी से गुजर कोचिंग को जा रहे बच्चे

स्थानीय निवासी दीपक राज अक्षय ने कहा कि यहां के पार्षद को साफ-सफाई से कोई मतलब नहीं है। बगल में घर है उन्हे यह दिखायी नहीं देता है। नाली के पानी से बच्चे होकर कोचिंग को जा रहे है। महिलाओं को पानी से गुजरकर जाना पड़ रहा है। कितने को इस पानी में साइकिल से बच्चे गिर भी गये है। वहीं स्थानीय दुकानदार अजय कुमार ने कहा कि यह एक दिन का नहीं है महिने में एक बार इस तरह सड़क पर नाली का पानी बहना आम बात है। कहने को तो हमलोग पॉश इलाके में रहते है लेकिन व्यवस्था दलित बस्ती के समान है। नगर निगम गया के लोक स्वच्छता पदाधिकारी मोनू कुमार का कहना है कि साफ-सफाई को लेकर निगम गंभीर है। इसके लिए स्वच्छता एप भी है जिसके माध्यम से लोग निगम क्षेत्र के साफ-सफाई संबंधित शिकायत फोटो खिंचकर भेज सकते है। उनकी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। नाली का पानी सड़क पर बह रहा है इसकी शिकायत स्थानीय पार्षद या अन्य किसी ने नहीं की है। शिघ्र ही इस समस्या को दूर करने के लिए टीम भेजी जायेगी।



# ओपन जेल की कार्यप्रणाली व उपलब्ध सुविधाओं को जाना

**गया, एजेंसी।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस (एसएलजी) के अंतर्गत संचालित विधिक सहायता क्लिनिक ने बक्सर की खुली जेल का शैक्षणिक दौरा किया। इस कार्यक्रम का आयोजन एसएलजी के प्रमुख और डीन प्रो. अशोक कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। ओपन जेल बक्सर की अधीक्षक बबीता ने ओपन जेल की अवधारणा, कार्यप्रणाली तथा उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों को यह जानने का अवसर मिला कि ओपन जेल पारंपरिक जेलों की तुलना में अधिक स्वतंत्रता तथा सुधारोन्मुखी व्यवस्था प्रदान करती है, जहां कैदियों को पर्याप्त भोजन, आवास, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा तथा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। छात्रों को बताया गया कि ओपन जेल में स्थानांतरित किए जाने वाले कैदियों की क्या योग्यताएं हैं तथा अपराधियों को सुधारने तथा उन्हें समाज में पुनः एकीकृत करने की दिशा में यह व्यवस्था किस प्रकार कार्य करती है। नेहा पाल ने ओपन जेल की आवश्यकता तथा उद्देश्य के बारे में पूछा, प्रणव ने कैदियों के बच्चों के लिए उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, जबकि अनुराग ने सवाल किया कि क्या खुली जेल प्रणाली समाज को गलत संदेश देती है क्योंकि इसमें पहले से जेल में सजा काट चुके कैदियों को अधिक सुविधाएं मिलती हैं। छात्रों ने कैदियों से सीधे बातचीत की और उनके दैनिक जीवन, उन्हें मिलने वाली सुविधाओं और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जाना। क्लिनिक के समन्वयक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने दौरे के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कानूनी सिद्धांतों को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना आवश्यक है और यह दौरा इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्लिनिक के समन्वयक डॉ. सुरेंद्र कुमार, सह-समन्वयक डॉ. अनंत प्रकाश नारायण और डॉ. चंदना सूबा मौजूद रहीं।

# विवाह भवन से शराब की बोतल और आपत्तिजनक सामान बरामद

### होटल मालिक ने कहा- शादी और बर्थ-डे पार्टी होती, मुझे कुछ नहीं पता

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के एक विवाह भवन के कमरे से शराब की बोतल और आपत्तिजनक सामान मिले। अर्चना विवाह भवन के प्रोपराइटर अर्चना साह के पति सोमनाथ साह ने कहा कि होटल के रूम में शराब की बोतल कहां से आई, हमलोगों को पता नहीं। कंडोम को पैकेट भी मिले हैं। इसके बारे में भी सोमनाथ के पास कोई जवाब नहीं था। सोमनाथ ने कहा कि भवन में शादी समारोह, बर्थ-डे पार्टी होती है। इन सब चीजों के बारे में मुझे पता नहीं। मामला मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरजान्हत पानी टंकी के पास की है। सोमनाथ ही विवाह भवन की देखरेख करते हैं। मोजाहिदपुर थाना को गुप्त सूत्रों से यह पता चला था कि अर्चना विवाह भवन में शराब की पार्टी चल रही है। इसके बाद छापेमारी की गई। विवाह भवन में काम करने वाले पवन दास ने बताया कि शराब की बोतलें और कंडोम कहां से आया यह मुझे नहीं पता। मैं अपने काम में ध्यान रखता हूं। इधर-उधर की बातों पर ध्यान नहीं रखता। इससे पहले कौन आए थे, मैं उनका नाम नहीं जानता हूं।



# ऑनलाइन गेम में डेढ़ लाख हारा, छात्र ने की आत्महत्या

### पॉलिटेक्निक स्टूडेंट एग्जाम में हो चुका था फेल, पिता से कहा था-इस बार अच्छे नंबर लाऊंगा



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में पॉलिटेक्निक के छात्र ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। वो किराए के मकान में रहता था। उसे ऑनलाइन गेमिंग की बुरी लत लगी थी। डेढ़ साल से वो इसमें पैसे लगा रहा था। करीब डेढ़ लाख रुपए हार चुका था। दूसरी तरफ पिछले साल पॉलिटेक्निक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में 4 विषयों में फेल हो गया था। इस साल भी जून में एग्जाम होना था।

घरवालों को कहा था- इस बार पास करूंगा। ऐसे में उसे अच्छे नंबर लाने का भी टेंशन था। मृतक दिलीप साह के बेटा पारस कुमार (22) है, जो सहरसा का रहने वाला था। उसने गुरुवार को आखिरी बार अपने पिता से बात की थी। कॉल पर कहा था- सिलेंडर खत्म हो गया है। जिसके बाद पिता ने उसे 5 हजार रुपए अकाउंट में भेजे थे। पिता के मुताबिक, पारस ने 4500 रुपए रॉकी नाम के दोस्त को देने की बात कही थी। जिसके बाद बेटे से बात नहीं हुई। घटना सहायक खजांची थाना क्षेत्र के केपी मार्केट गली की है।

**गलत दोस्तों की संगत में आ गया था :** छात्र के पिता दिलीप साह ने बताया, पारस 2 भाइयों में छोटा था। वो पूर्णिया में रहकर पॉलिटेक्निक कॉलेज पूर्णिया से पढ़ाई कर रहा था। पूर्णिया में ही वो गलत दोस्तों की संगती में आ गया और उसे ऑनलाइन गेमिंग की लत लग गई। पारस ने इसमें उसने काफी रुपए झोंक दिए। वो पढ़ाई और महीने के खर्च के नाम पर रुपए लेता और फिर इन रुपयों को ऑनलाइन गेमिंग में लगा देता था।

ऑनलाइन गेम में काफी रुपए हार चुका था। पिछले साल ऑनलाइन गेम के कारण पॉलिटेक्निक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में फेल हो गया था। क्लास फ्रेंड मोहित राज ने बताया, पारस दोस्तों की काफी मदद करता था। गुरुवार रात खाना खाकर सभी अपने-अपने कमरे में सोने चले सो गए। शुक्रवार दिन के 2 बजे तक पारस ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। आवाज देने के बाद भी पारस का कोई जवाब नहीं आया। जिसके बाद मकान मालिक को किसी तरह की अनहोनी की आशंका हुई। घटना की जानकारी सहायक खजांची पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर अंदर से लॉक कमरे के दरवाजे को तोड़कर देखा तो पारस फंदे से लटका था। इसके बाद एफएसएलटीम बुलाई गई। स्त्रस्रुने मौके से कई अहम साक्ष्य इकट्ठा जुटाए। शुक्रवार रात तक पारस के पैरेंट्स सहरसा से पूर्णिया पहुंचे। सहायक खजांची थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार ने बताया, फंदे से लटककर एक युवक ने आत्महत्या की है। युवक के परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम से इनकार कर दिया हे। जिसके बाद परिजनों से लिखित प्रमाण लेकर लाश को सौंप दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

# मोतिहारी पुलिस ने शराब की आठ भट्ठियों को किया ध्वस्त, 738 लीटर देशी शराब बरामद

**चार हजार लीटर घोल किया विनिष्ट,चार नाव को किया क्षतिग्रस्त**



**बीएनएम। मोतिहारी।** जिला के संग्रामपुर थाना की पुलिस ने अवैध शराब के लिए बदनाम कोइरगंवा विन्दटोली के चंवर में करीब आठ घण्टा सर्च अभियान चलाते हुए सात सौ 38 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया है।साथ ही लगभग चार हजार लीटर शराब बनाने वाले घोल को भी पुलिस ने विनिष्ट किया है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह के अनुसार अवैध शराब कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए कोइरगंवा विन्दटोली चंवर में सुबह पांच बजे से दिन दो बजे तक छापेमारी चलाया गया।इस दौरान शराब बनाने वाले आठ भट्टी को ध्वस्त करते हुए दो दर्जन से अधिक ड्रम को तोड़ कर शराब बनाने वाले समाग्री को आग के हवाले कर दिया गया। चवर में आवागमन का मुख्य साधन चार नाव को तोड़ कर क्षतिग्रस्त किया गया ।पुलिस टीम को देखते ही कारोबारियों में हड़कम्प मच गया और वे मौके से भाग निकले । पुलिस ने चार कारोबारियों को चिन्हित किया है जिस पर प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार हेतु छापेमारी की जा रही है।

# किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार



**बीएनएम। मोतिहारी।** साइबर थाना ने एक किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में एक आरोपी को पश्चिम चंपारण के मझौलिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी शिव शंकर राम (25) ने सुगौली थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी पर शादी का दबाव बनाया था। किशोरी के इनकार करने पर उसने पहले लड़की को बदनाम करने की धमकी दी और बाद में उसका आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता की मां ने मोतिहारी साइबर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। जहां साइबर पुलिस ने इस मामले में नए भारतीय न्याय संहिता के तहत सुसंगत धाराओ में प्राथमिकी दर्ज करते हुए साइबर डीएसपी अभिनव पराशर के नेतृत्व में जांच कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। डीएसपी अभिनव पराशर ने बताया कि जांच में आरोपी के मोबाइल फोन से कई अहम सबूत बरामद हुए हैं।जिसके बाद उक्त आरोपी पर कारवाई की गई है।

# जगजीवन राम की 118वीं जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने दी श्रद्धांजलि

**बीएनएम। मोतिहारी।** जिला कांग्रेस कमिटी पूर्वी चंपारण द्वारा शनिवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं भारत सरकार के पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम जी की 118वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत जगजीवन राम के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके संघर्षमय जीवन, सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और भारतीय राजनीति में उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि जगजीवन बाबू न केवल स्वतंत्रता संग्राम के एक सक्रिय सेनानी थे, बल्कि आज़ादी के बाद सामाजिक समानता और दलित अधिकारों के सशक्त प्रहरी भी रहे। मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि जीवन हमें सिखाता है कि कठिनाइयों के बावजूद अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और सेवा भाव सच्चा हो तो किसी भी ऊंचाई को छुआ जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में बाबू जगजीवन राम जी के विचार और आदर्श पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। मौके पर विजय शंकर पांडे, विजय कुमार जायसवाल उर्फ मुनमुन जायसवाल, ओसैदूर रहमान खान, डॉ. आशीष कुमार, बृजमोहन सिंह, अथल राम, ललन कुमार राम, बच्ची पांडे, अरुण प्रकाश पांडे, अमन चौबे, आकर्ष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



# शांतिपूर्ण एवं सद्भाव के वातावरण में संपन्न कराएं रामनवमी की शोभायात्राः जिलाधिकारी

**बीएनएम। मोतिहारी**



रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सद्भाव के साथ संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जारी किए गए संयुक्त आदेश में कहा गया है कि इस वर्ष रामनवमी का पर्व 06 अप्रैल 2025, रविवार को मनाये जाने की सूचना है। इस पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए कड़ी निगरानी एवं सतर्कता रखने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला के सभी अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि रामनवमी तथा चैती नवरात्र के अवसर पर निकलने वाले जुलूस एवं शोभा यात्राओं के सभी मार्गों पर लगातार भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायजा लेते रहेंगे। विधि व्यवस्था के मद्देनजर जिला में कुल 315 स्थानों को चिन्हित कर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अंतर्गत सदर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कुल 120 जगहों पर, चकिया में 41, पकड़ीदयाल में 54, ढाका में 44, रक्सौल में 13 एवं अरेराज अनुमंडल अंतर्गत कुल 43 स्थानो पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल स्तर, प्रखंड स्तर एवं पंचायत स्तर पर भी क्विक रिस्पांस टीम के गठन करने का निर्देश दिया गया है। जिला स्तर पर जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जो 24 घंटा कार्यरत रहेगा। इसके लिए तीन पालियों में दंडाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष 06252- 242418 पर कार्यरत रहेगा, जिस पर कोई भी सूचना दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त जिला के सभी अनुमंडल कार्यालय में भी अनुमंडल स्तरीय नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक जुलूस का पूजा समिति की ओर से दो वीडियोग्राफर एवं प्रशासन की ओर से एक वीडियोग्राफर के द्वारा वीडियोग्राफी कराई जाए। इसके अतिरिक्त ड्रोन कैमरा के माध्यम से भी जुलूस पर निगरानी रखा जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि जुलूस के आसपास सिविल ड्रेस में काफी संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है जो चप्पे-चप्पे पर नजर रखेंगे। जुलूस एवं शोभा यात्राओं में डीजे बजाने एवं आपत्तिजनक नारा /संगीत बजाये जाने को पूर्णतः प्रतिबंध किया गया है एवं सख्त निर्देश दिया गया है कि उल्लंघन करने पर पूजा समितियों के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। सभी प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी, दंडाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जारी किए गए संयुक्त आदेश के अनुसार ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर निश्चित रूप पहुंच कर आसपास की सभी स्थितियों पर नजर बनाए रखेंगे तथा जुलूस की समाप्ति एवं मूर्ति विसर्जन होने के बाद स्थिति सामान्य होने तक अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर बने रहेंगे। रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस विभाग की साइबर टीम सक्रिय कर दी गई है जो सोशल मीडिया पर चल रहे पल-पल की घटनाओं पर नजर रख रही है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है कि किसी भी प्रकार का संवेदनशील पोस्ट करने पर पोस्ट करने वाले व्यक्ति को बक्सा नहीं जाएगा। अगर कोई व्यक्ति बिना इसकी सत्यता की जांच किए पोस्ट को फॉरवर्ड कर रहा है तो उसे भी कार्रवाई के दायरे में लाया जाएगा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला के नागरिकों से अपील की गई है कि रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सद्भाव के वातावरण में संपन्न करेंगे। इस अवसर पर डीएम और एसपी के द्वारा सभी जिला वासियों को शुभकामनाएं दी गई है।

# लैंस प्रो ऑप्टिकल शोरूम का हुआ उद्घाटन

**» ऑखो की हिफाजत अतिआवश्यकः डॉ.नूतन**

**बीएनएम। मोतिहारी**




शहर के बलुआ टाल में लैंस प्रो ऑप्टिकल एवं शोरूम का ग्रांड ओपनिंग हुआ। ऑप्टिकल शोरूम का विधिवत उद्घाटन राष्ट्रपति अवार्डी, चंपारण की बेटी व केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, भारत सरकार की वरीय सदस्य डॉ. नीतू कुमारी नूतन, बिहार की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सी.एल. झा, एसएसबी कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार सिंह, उप मेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद, वरीय संस्कृतिकर्मी संजय पाण्डेय, शंकर नेत्रालय के निदेशक आई. स्पेशलिस्ट डॉ. नारायण कुमार एवं जदयू के प्रदेश युवा नेता दिव्याशु भारद्वाज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि डॉ. नीतू कुमारी नूतन ने कहा कि मानव शरीर में ऑखो का सबसे ज्यादा महत्व है, जिसकी हिफाजत करना अतिआवश्यक होता है। डॉ.नूतन ने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओ से लैस लैंस प्रो ऑप्टिकल यहॉ के सभी वर्ग के लोगो को बेहद वाजिब कीमत पर बेहतर सेवाएँ देगा। ऑप्टिकल शोरूम के प्रोपराइटर समीर कुरैशी ने बताया कि उनके यहाँ सन ग्लास, चश्में का ब्रांडेड फ्रेम एवं ब्रांडेड ग्लास मिलेगा। कुरैशी ने बताया कि उनके यहॉ आधुनिक मशीन द्वारा ऑखो की निःशुल्क जॉच की व्यवस्था है तथा सभी प्रकार के पावर एवं धूप चश्मा रियायती दर पर ग्राहको के लिए उपलब्ध है। मौके पर डॉ .शंकर वत्स, डॉ. विवेक कुमार, फिल्म मेकर ऋतिक विराज पाण्डेय, डॉ. आर. के. पाण्डेय, उपेंद्र तिवारी, मुकेश उपाध्याय, पंकज शर्राफ, संतोष ओझा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रामनवमी को लेकर भगवामय हुआ शहर, निकली गई भव्य राम शोभा यात्रा

**अश्वमेध यज्ञ के गोल्ड प्लेटेड अश्व कि श्रद्धालुओं ने की पूजा, बरसाए गए पुष्प**





**बीएनएम। मोतिहारी**

रामनवमी के सुअवसर पर शनिवार को नगर के हनुमानगढ़ी मंदिर से भव्य राम शोभा यात्रा झांकी के साथ निकाली गई, जिसमें राम राज्य के बाद कलयुग में पहली अश्वमेध यज्ञ 2022 में डॉ. शंभू नाथ सिकारिया के द्वारा किया गया था। उसका गोल्ड प्लेटेड अश्वमेध अश्व और विजय स्तंभ भी अपनी भव्यता के साथ शामिल हुआ। भारी प्रशासनिक सुरक्षा के बीच गोल्ड प्लेटेड अश्व और विजय स्तंभ को मनोकामना सिद्ध हनुमान आश्रम से भव्य शोभा यात्रा में शामिल किया गया और भारी सुरक्षा के बीच पूरे नगर में शोभा यात्रा भ्रमण कर सुरक्षित रूप से वापस हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंच गई। रास्ते में जगह-जगह अश्वमेध यज्ञ के गोल्ड प्लेटेड अश्व कि श्रद्धालुओं ने पूजा की और जगह-जगह उस पर फूल बरसाए गए तथा बहुत सी जगह शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का लोगों ने भव्य स्वागत करते हुए जूस और अल्पाहार भी कराया। उपरोक्त शोभा यात्रा का नेतृत्व भाजपा युवा नेता सह प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी यमुना सिकारिया एवं अशोक कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद ने संयुक्त रूप से नेतृत्व किया। शोभा यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे और प्रशासन के द्वारा भारी सुरक्षा के बीच नगर भ्रमण कराया गया। गणमान्य व्यक्तियों के साथ उपमेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद भी यात्रा के दौरान काफी सक्रिय रहे।

# जीवन के कठिन से कठिन परिस्थिति में कभी भी नहीं छोड़ना चाहिए अपनों का साथः संत छोटे बापू जी

**» सीताराम विवाह प्रसंग सुनकर आनंदित हुए श्रद्धालु**

**बीएनएम। मोतिहारी**



नगर के देवरहा बाबा गुरुकुल आश्रम में चल रहे 54वां सद्गुरु महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के सातवें दिन संत छोटे बापू जी महाराज ने सीता माता की विदाई वन गमन केवट प्रसंग भरत चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दशरथ जी महाराज के मन में राम राम जी को राजा बनाने का भाव जागृत हुआ। उन्होंने घोषणा कर दी कल राम राजा बनाए जाएंगे। मन के कुसंगति के कारण कैकई में दशरथ जी से दो वरदान मांगे। श्री राम जी का वनवास और भरत जी के लिए राज्य सिंहासन, परंतु भरत जी ने अयोध्या के सिंहासन को इस प्रकार से त्याग दिया जैसे कोई साधारण वस्तु का त्याग महापुरुष जन करते हैं। नंदीग्राम में जाकर तपस्या पूर्वक जीवन व्यतीत करके भगवान की प्रतीक्षा करने में लगे। माता-पिता की सेवा भाई-भाई का प्रेम समाज का कार्य यह सभी कर्तव्यों का सम्यक रूप से पालन करने की शिक्षा इस अयोध्या कांड से मिलती है। भगवान श्री राम जी बताते हैं जीवन के कठिन से कठिन परिस्थिति में भी अपनों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। रामायण के पात्र भरत के चरित्र से हमें भाई-प्रेम, त्याग, संयम, धैर्य, और ईश्वर-प्रेम की सीख मिलती है। भरत के चरित्र को आस्था, त्याग, और भक्ति की मिसाल माना जाता है। अच्छा चीज मनुष्यों के बस में नहीं होती, हानि-लाभ जीवन मरण जस अपजस इसलिए जो अपने बस में ना हो उसकी चिंता करना छोड़ करके धर्म में आचरण करते हुए अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। आज केसरी राम कथा का व्यास पूजन भूमि समर्पण डाटा सुपुत्र विनोद जालान और सातवें दिवस के श्री राम कथा का विधिवत दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ पटना के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज केसरी, डॉक्टर मीनू मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। यज्ञ संयोजक राम भजन ने बताया कि 6 अप्रैल रविवार को रामनवमी के अवसर पर श्री राम कथा सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ होगी और 12:00 बजे श्री रामनवमी जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 1:00 बजे महा भंडारा और यज्ञ की पूर्णाहुती होगी और श्री राम नाम संकीर्तन 9 अप्रैल तक चलेगा। उक्त आशय की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सचिव राम भजन ने दी है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव



**बीएनएम। मोतिहारी**

जिला में हरैया थाना क्षेत्र के पंटोका पंचायत के धुपवा टोला सरेह में एक अज्ञात युवक का शव पेड़ से लटकता मिला है।ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। शव की पहचान के लिए ग्रामीणों ने काफी प्रयास किया लेकिन युवक को कोई पहचान नहीं सका। सूचना पर मौके पर पहुंची हरैया थाना की पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने बताया कि मृत युवक की जेब से कोई पहचान पत्र अथवा दस्तावेज नहीं मिला है। हालांकि, उसी पेड़ के नीचे एक झोला बरामद हुआ है जिसमें दो कपड़े रखे हुए हैं। पुलिस झोले के सामान के आधार पर भी युवक की पहचान की कोशिश कर रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पहचान की प्रक्रिया जारी है। रहस्यमय हालात में युवक की मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। ग्रामीणों के बीच डर और आशंका का माहौल बना हुआ है।पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलु से जांच कर रही है।

# चकिया में मनायी गयी सम्राट अशोक की 2369वीं जयंती



**बीएनएम। मोतिहारी**

जिला के चकिया-केसरिया रोड स्थित जगदेव चौक पर शहीद जगदेव विचार मंच के सदस्यों ने सम्राट अशोक की 2369 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनायी। इस अवसर पर बुद्धिजीवियों ने बाजार समिति के समीप महान अशोक सम्राट के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया। जयंती समारोह में सम्बोधित करते हुए आरजेडी के वरीय नेता सह जिला उपाध्यक्ष अरुण कुशवाहा ने कहा कि अशोक सम्राट के विरासत को संभाल कर रखना सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। महात्मा बुद्ध ने जो सन्देश दिया। उसी को सम्राट अशोक ने आगे बढ़ाया। सम्राट अशोक के राज में जो अफगानिस्तान से मयंमार तक था उस अखंड भारत का जीडीपी दर दुनिया में सबसे अधिक 32 था। नीरज सिंह पटेल कहा कि चैत्र शुक्ल अष्टमी को ही महान अशोक सम्राट का जन्म दिन है। हमें इस महान विरासत का चैत्र अष्टमी को ही मनाना है। चाहे यह अष्टमी कैलेंडर की जिस तारीख को पड़े लेकिन अष्टमी को ही जयंती मनाना है। सोलहवी शताब्दी तक कोई जातीय व्यवस्था नहीं था। अशोक सम्राट के समय संस्कृत भाषा नहीं था केवल पाली भाषा था। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन सेवानिवृत शिक्षक रामनारायण पासवान ने की।

# मोतिहारी डीईओ का अजीब फरमान,एक साल पूर्व मृत शिक्षिका से मांगा स्पष्टीकरण

**बीएनएम। मोतिहारी**




जिला का शिक्षा विभाग अक्सर घपले-धोटाले और भष्ट्राचार को लेकर सुर्खियां बटोरता रहा है।फिलवक्त विभाग एक बार फिर अजीबोगरीब फरमान के कारण चर्चा का केंद्र बना हुआ है।मामला जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) से जुड़ा है जिन्होने एक वर्ष पहले मृत हो चुकी एक शिक्षिका से स्कूल में अनुपस्थित रहने और ई-शिक्षा पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज नहीं कराने के लिए स्पष्टीकरण मांगा है। इतना ही नही डीईओ साहब ने मृत शिक्षिका को 24 घंटे में स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने पर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की बात कही है।जो चर्चा का विषय बना हुआ है,मामला अरेराज प्रखंड के यूएमएस गोबिंदगंज गर्ल्स स्कूल का बताया जा रहा है। डीईओ के स्पष्टीकरण में क्रमांक 52 पर शिक्षिका उर्मिला कुमारी का नाम है, जिनकी लगभग एक वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। विभाग ने इसके पूर्व मोतिहारी में एक दिवंगत शिक्षिका को प्रशिक्षण के लिए बुलाया था।जिसके बाद विभाग की खुब फजीहत हुई थी। घटना मोतिहारी के डायट भवन से संबंधित है, जहां 250 शिक्षकों के लिए एफएलएन और आईसीटी प्रशिक्षण के आयोजन में शिक्षको के लिए जारी सूची में क्रमांक 22 पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय भगवानपुर कोटवा में कार्यरत शिक्षिका रानी कुमारी का नाम दर्ज है। शिक्षिका रानी कुमारी का पिछले वर्ष कैंसर के कारण निधन हो चुका है।उल्लेखनीय है,कि जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) ने ई-शिक्षा कोष ऐप पर उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले 969 अनुपस्थित शिक्षकों से स्पष्टीकरण की मांग की है। इस स्पष्टीकरण सूची में क्रमांक 52 पर यूएमएस गोबिंदगंज गर्ल्स अरेराज की शिक्षिका उर्मिला कुमारी का नाम है, जिनकी लगभग एक वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। सवाल यह है,कि सबकुछ डिजिटल होने का दावा करने वाली जिला शिक्षा कार्यालय को एक वर्ष पहले मृत शिक्षिका की सूची क्यों नहीं है?फिलहाल यह स्पष्टीकरण पत्र सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। आम लोग सोशल मीडिया पर शिक्षा विभाग के इस अजीबोगरीब फरमान को लेकर खुब टिप्पणी कर रहे हैं। डीईओ के पत्र में बताया गया है कि 3 अप्रैल को ई-शिक्षा कोष ऐप पर शिक्षकों की उपस्थिति की जांच की गई थी। जांच में 969 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। वहीं, 265 शिक्षकों ने बिना पूर्व अनुमति के 'मार्क ऑन ड्यूटी' दर्ज किया था। इसके अतिरिक्त, 5764 शिक्षकों ने उपस्थिति तो दर्ज की थी, लेकिन 'मार्क आउट' नहीं किया था। इन सभी शिक्षकों से 24 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### गले में फंदा लगाकर नाबालिक ने किया आत्महत्या

**बीएनएम। शिवहर।** तरियानी छपरा थाना क्षेत्र लदोरा में 18 वर्षीय नाबालिक प्रिंस कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तरियानी छपरा थाना अध्यक्ष रोहित कुमार मौके पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल शिवहर भेज दिया है। प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की बात सामने आ रही है। पुलिस जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया है कि लदौरा वार्ड नंबर एक निवासी रामनाथ साहनी के पुत्र 18 वर्षीय प्रिंस कुमार ने गले में फंदा लगाकर लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सुबह में 7:00 बजे सूचना दी गई मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतक के पिता बाहर मजदूरी का काम करता है तथा वह घर से बाहर है। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है और छानबीन में जुट गई है।

### बाइक चालक हुआ घायल

**बीएनएम। जमुई [ झाझा ]** थानाक्षेत्र के धमना मोड़ के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होने से सड़क दुर्घटना में बाइक चला रहे युवक घायल हो गया। सड़क पर घायल अवस्था मे गिरे पड़े युवक को देखकर लोगों ने तुरंत डायल 112 की पुलिस को सूचना दी जिसके बाद डायल 112 की पुलिस घटना स्थल पर पहुँचकर घायल युवक को उठाकर इलाज हेतु रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर ने घायल युवक का इलाज किया। घायल युवक की पहचान नारगंजो से सटे गांव जुड़पनिया गांव का रहने वाला सोमरा टुडू के रूप में हुई। घायल युवक ने बताया कि लक्ष्मीपुर थानाक्षेत्र के कमलू गांव से अपने रिश्तेदार के यहां से वापस अपने घर लौट रहा था कि अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई,जिसके कारण बाइक लिए सड़क किनारे गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक के घरवालों से सम्पर्क कर घटना की जानकारी दी।

### शराब बनाते कारोबारी गिरफ्तार

**बीएनएम। जमुई [ झाझा ]** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब बनाते एक कारोबारी को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि चपोडिया गांव में एक व्यक्ति शराब बना रहा है। सूचना मिलने के बाद पुअनि धर्मेंद्र कुमार सिंह दलबल के साथ बताए गए स्थल पर पहुंचा तो एक झोपडी में एक व्यक्ति शराब बना रहा था। इससे पहले की वह भाग निकलता उक्त स्थल से उसे शराब निर्माता को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान टीको मुर्मू के रूप में हुई। एल्युमिनियम के बर्तन में पाइप के माध्यम से एक गैलन में शराब बनाया जा रहा उसे भी जब्त करते हुए तीन लीटर देशी शराब भी जब्त की गई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### लालू यादव का सफल ऑपरेशन, स्वास्थ्य में सुधार

**बीएनएम। पटना/दिल्ली:** राजद सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का दिल्ली एम्स में सफल ऑपरेशन हुआ है। पीठ में गहरे जख्मों के चलते उन्हें बुधवार को पटना से एयर एंबुलेंस के जरिए दिल्ली लाया गया था। ऑपरेशन के बाद अब उनकी हालत स्थिर है। और उन्हें आईसीयू से सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है।लालू यादव के साथ अस्पताल में उनकी पत्नी राबड़ी देवी और परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद हैं। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पटना के अगमकुआं स्थित मां शीतला मंदिर में हवन और पूजा-अर्चना की।बुधवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें पटना के पारस अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम्स रेफर किया गया। जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है।

### सिलाई मिस्त्री पर जानलेवा हमला

**बीएनएम। जमुई [ झाझा ]** । मॉर्निंग वॉक कर अपने घर जाने के दौरान एक व्यक्ति पर तीन लोगों ने अचानक हमला कर मारपीट कर तेजधार हथियार से सिर पर हमला कर घायल दिया। घटना नगर क्षेत्र के पुरानी बाजार की है। घायल व्यक्ति को परिजनों ने लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने घायल व्यक्ति का इलाज किया। घायल व्यक्ति की पहचान पुरानी बाजार निवासी मो. सफीक अंसारी के रूप में हुई। घायल व्यक्ति सिलाई मिस्त्री है। घायल ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह वह मॉर्निंग वॉक कर अपने घर आ रहा था कि तभी पुरानी बाजार के समीप उलाय नदी के उसपर धोबियकुरा गांव के रहने वाले अख्तर, नदीम एवं एक अन्य युवक अचानक आकर हमला कर मारपीट करने लगा और फिर जान मारने की नीयत से तेजधार हथियार से सिर पर वार कर घायल कर दिया। घायल ने बताया कि धोबियाकुरा गांव में वर्ष 2012 में जमीन लिया था और रुपए की जरूरत पड़ने पर 2013 में उस जमीन को बेचना चाहा लेकिन कुछ बिचौलिया जमीन को जबरन कम दर में खरीदना चाह रहा था तो जमीन नही बेचा। घायल ने बताया कि जमीन की ही रंजिश को लेकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया।

### श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा शहर

**बीएनएम। लखीसराय।** रामनवमी के पावन अवसर पर शनिवार को भव्य रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जो श्री रामनवमी महोत्सव समिति के बैनर तले संपन्न हुआ।इस दौरान पूरा शहर "जय श्री राम" के उद्घोषों से गूंज उठा और हर गली, हर चौक चौराहा भगवा रंग में रंग गया। शोभायात्रा की शुरुआत शहर के विद्यापीठ चौक से हुई जहाँ जिले भर से आए सैकड़ों रामभक्तों ने भगवा ध्वज, तलवार और धार्मिक उत्साह के साथ भाग लिया। शोभायात्रा प्रमुख स्थानों से होती हुई यात्रा आर. लाल कॉलेज तक पहुँची। यात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माँ सीता की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और दर्जनों घोड़ों एवं हाथियों से सुसज्जित रथ यात्रा ने जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। यात्रा में विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बजरंग दल समेत जिले के समस्त हिंदू संगठनों की सक्रिय सहभागिता रही।

# कल्पवृक्ष साइलेज पशु आहार कम्पनी का हुआ उद्घाटन

**बीएनएम। हरसिद्धि**



प्रखंड क्षेत्र के पानापुर रंजीत पंचायत के धनखरैया में शनिवार को कल्पवृक्ष सिलेज प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह, गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णानंदन पासवान, विधायक श्याम बाबू यादव, पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद कुशवाहा, विधायक सुनील मणि तिवारी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रकाश अस्थाना आदि लोगों ने संयुक्त रूप से पिता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। वही कंपनी के निदेशक ई. राकेश कुमार गुप्ता ने कंपनी की विशेषता बताते हुए कहा कि इस कंपनी के द्वारा हर दूधिया मक्का से पशु चारा का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां पर वर्तमान में दो मशीन लगी हुई है जिसमें एक मशीन के द्वारा 1 घंटे में 3 टन चारा तैयार किया जाएगा। इसका फॉर्मेटोशन 30 से 45 दिन तक किया जाता है उसके बाद उसमें हेल्दी माइक्रो एंड बैक्टीरिया का जन्म हो जाता है फिर उसके बाद यह चारा गाय, भैंस, बकरी, सूअर आदि पशुओं को दिया जाता है। जिससे दूध का उत्पादन बढ़ेगा। मांस वाले जीव का मांस बढ़ेगा। वहीं गर्भवती पशु का बच्चा भी स्वस्थ होगा तथा पशुओं में रोग निरोधी क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि पैकेट का एक्सपायरिंग डेट डेढ़ साल तक है लेकिन पैकेट खुलने पर 3 दिन में ही इसे खर्च कर देना होगा जिससे फूल न्यूट्रिशन मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस कंपनी में 15- 20 वर्कर्स काम करेंगे एक पैकेट का वजन करीब 50 से 60 किलो तक है। मौके पर पूर्व विधायक सचिन्द्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन राज, जिला उपाध्यक्ष देवेश कुमार सिंह, अरेराज नगर पंचायत अध्यक्ष रंटू पांडे, नरेश अग्रवाल, निकेश सिंह, मार्कण्डेय कुशवाहा, रंजीता गुप्ता, अनुपम कुमारी, हरेंद्र बैठा, संजय यादव, विजय कुशवाहा, वीरेंद्र सहनी, धीरेंद्र सहनी, संतोष गुप्ता आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## जन सुराज की 'बिहार बदलाव रैली' होगी ऐतिहासिक: ई. संजय

### 11 अप्रैल को पटना में होगी बिहार बदलाव रैली

**बीएनएम। पताही**



आगामी 11 अप्रैल को सुराज की ओर से पटना के गांधी मैदान में होने वाली बिहार बदलाव रैली की तैयारियों को लेकर शनिवार को पताही प्रखंड मुख्यालय स्थित जन सुराज के कार्यालय में जन सुराज के नेता ई. संजय कुमार के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जहां उन्होंने रैली की सफलता के लिए रणनीति बनाई और संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने पटना में होने वाली रैली की तैयारी को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायत से 100 लोग इस रैली में भाग लेंगे। लाखों की भीड़ इस रैली में आने वाली है और हमारा प्रयास रहेगा कि सबसे ज्यादा भागीदारी चिरैया और पताही से हो। उन्होंने बताया कि यह बिहार बदलाव रैली उनलोगों के लिए हैं। जो बिहार में बदलाव देखना चाहते हैं। यह रैली वैसे लोगों के लिए है जो शिक्षा के लिए पलायन कर रहें हैं। रोजगार के लिए पलायन कर रहें। जिन्हें बिहार में सही स्वस्थ की सेवा नहीं मिल रही। यह परिवर्तन रैली वैसे प्रताड़ित लोगों के लिए है। बैठक में उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा, संतोष राउत, विवेक कुमार द्विवेदी, दिलीप मेहता, विजय कुमार, मधुरेंद्र कुमार सहित अन्य सदस्यों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ बिहार बदलाव रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

## डीएम ने महादलित टोलों के सर्वेक्षण हेतु की बैठक



**बीएनएम। शिवहर**

जिला पदाधिकारी शिवहर विवेक रंजन मैत्रेय की अध्यक्षता में महादलित टोलों के सर्वेक्षण से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले के 26 पंचायतों के महादलित टोलों में 7 अप्रैल से शुरू होने वाले सर्वेक्षण की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। सर्वेक्षण के दौरान सभी संबंधित विभागों के कार्यालय प्रधानों को अपनी-अपनी योजनाओं के तहत महादलित टोलों को शत-प्रतिशत आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से डेटा एंट्री सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। सर्वेक्षण कार्य में शामिल कर्मियों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु जीओ-टैग्ड अटेंडेंस अनिवार्य किया गया। सर्वेक्षण के दौरान छूटे हुए परिवारों/लाभुकों को चिन्हित कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने का आदेश दिया गया। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित विभाग के कार्यालय प्रधान जिम्मेदार होंगे। जिला प्रशासन द्वारा इस सर्वेक्षण के माध्यम से महादलित समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने एवं उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का संकल्प व्यक्त किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रखंड मुख्यालय में शौचालय की बदहाल स्थिति, आमजन परेशान

**बीएनएम। पताही**





प्रखंड मुख्यालय में शौचालय की भारी कमी और मौजूदा शौचालयों की जर्जर स्थिति आमजन के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। रोज़ाना सैकड़ों लोग अपने विभिन्न कार्यों से प्रखंड कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें स्वच्छ और उपयोगी शौचालय की सुविधा नहीं मिल पाती है। शौचालयों की हालत इतनी खराब है कि कहीं दरवाजे टूटे हैं, तो कहीं पानी की व्यवस्था नहीं है। कई जगहों पर गंदगी और कूड़े के ढेर लगे हैं, जिससे बदबू और असुविधा और भी बढ़ जाती है। विशेष रूप से महिलाओं और बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें ज़रूरत पड़ने पर इधर-उधर भटकना पड़ता है। यह हालात न सिर्फ़ आम नागरिकों को असुविधा में डाल रही है, बल्कि स्वच्छ भारत अभियान जैसी सरकारी योजनाओं को भी चुनौती दे रही है। स्थानीय प्रशासन द्वारा शौचालय की सफाई और मरम्मत की ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अधिकारियों का ध्यान अब तक इस ओर नहीं गया है। सवाल उठता है कि जब प्रखंड मुख्यालय जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर ही ऐसी बदहाली है, तो अन्य क्षेत्रों की स्थिति क्या होगी?

# रामनवमी के अवसर पर विधि-व्यवस्था को लेकर 120 अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती

**बीएनएम। शिवहर**




रामनवमी त्योहार को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा विधि-व्यवस्था के संबंध में एक संयुक्त ब्रीफिंग का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित संवाद कक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय एवं पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से की।

**जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय द्वारा निर्देश-** सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को त्योहार के दौरान मुस्तैदी से ड्यूटी करने तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। शांतिपूर्ण जुलूस के लिए आवश्यक रूप से वीडियोग्राफी की व्यवस्था कराने पर जोर दिया गया, ताकि कानून-व्यवस्था पर नजर रखी जा सके। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि रामनवमी के अवसर पर डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा इसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 120 अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि रामनवमी जुलूस का प्रस्थान एवं विसर्जन निर्धारित समय पर ही पूरा किया जाए तथा इसकी निगरानी संबंधित अधिकारी करें। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों को निर्धारित समय से अपने-अपने तैनाती स्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। रामनवमी एवं अन्य त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक पहले ही आयोजित की जा चुकी है, जिसमें सभी हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित किया गया था। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे रामनवमी के पावन पर्व को शांति, सद्भाव एवं उत्साह के साथ मनाएं तथा प्रशासनिक निर्देशों का पालन करें। इस संयुक्त बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुणाल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार, समाहर्ता के विशेष कार्य पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आरजेडी पूर्व प्रत्याशी नगेंद्र बिहारी ने दसवीं उत्तीर्ण 40 छात्रो को किया सम्मानित



**बीएनएम। हरसिद्धि**

शनिवार को विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी नागेंद्र राम उर्फ कुमार नागेंद्र बिहारी ने अवतार कोचिंग क्लासेज के मैट्रिक में सफल हुए लगभग 40 छात्रों को पाठ्य सामग्री व मेडल देकर सम्मानित किया। पूर्व प्रत्याशी नगेंद्र राम ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है, यही छात्र आगे चलकर डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक अधिकारी बनकर अन्य कई क्षेत्रों में अपने कामयाबी का परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा कि गणमान्य अभिभावकों से अनुरोध करता हूं कि अपने बच्चों को बेहतर संस्कार और शिक्षा देने की कोशिश करें, ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल बन सके आगे चलकर देश की सेवा करे। मौके पर के शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

# विहिप और बजरंग दल ने रामनवमी पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

**बीएनएम। मोतिहारी**



विश्व हिन्दू परिषद व बजरंगदल ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को रामनवमी के अवसर पर मोतिहारी शहर के हनुमान गढी से हाथी घोडा राम लक्ष्मण सीता हनुमान व शंभूनाथ सिकरिया द्वारा आयोजित अश्वमेघ यज्ञ का घोडा व विजय स्तंभ के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा मे काफी संख्या मे महिलाए भी शामिल थी। शोभा यात्रा का जगह-जगह फूल माला से स्वागत किया गया। यात्रा प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट के अनुसार हनुमान गढी से निकलकर हिन्दी बाजार,पंचमन्दिर,ज्ञान बाबू चौक मेनरोड होते हुए मीनाबाजार नगर थाना चौक होते हुए पुनः धर्मसमाज होते हुए हनुमान मंदिर मे समापन किया गया। इस मौके पर श्रीराम खिंचड़ी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंगदल के उद्धेश्य गुप्ता हेमन्त कुमार जितेन्द्र कुशवाहा और राहुल सिंह कर रहे थे वंही विहिप के तरफ से देवेन्द्र कुमार सिंह धर्मेन्द्र सर्राफ संतोष श्रीवास्तव संजय पटेल राजीव रत्न अधिवक्ता कर रहे थे। दुर्गा वाहिनी का नेतृत्व प्रियंका नागवंशी कर रही थी। मौके पर उपस्थित विहिप के बिहार झारखंड के विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अशोक श्रीवास्तव अधिवक्ता ने कहा कि राम ही इस देश के राष्ट्र है और हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शो का पालन करना चाहिए। इन्होने कहा कि हमे जात पात से उपर उठकर हमेशा राष्ट्र की अखण्डता एकता के लिए कार्य करना चाहिए। प्रियंका नागवंशी ने कहा कि हमे समय समय पर ऐसे अनुष्ठानो मे एकजुट होकर सनातनी होने का एहसास कराना चाहिए।मौके पर यमुना सिकरिया बादल कुमार जैकी गुप्ता अंकित कुमार अंकित श्रीवास्तव अवनीश कुमार महंथ बिगन दास धुरूव मिश्रा आनन्द प्रकाश शेखर पांडेय। रतनेश सिंह मनीष कुमार अधिवक्ता धीरेन्द्र ठाकूर गुडु सिंह इत्यादि अनेक लोग उपस्थित थे।

# अभिभावक व शिक्षक मिलन सह वार्षिक परीक्षाफल का प्रकाशन समारोह आयोजित

### एसएसबी 71वीं बटालियन अठमोहान कैम्प के असिस्टेंट कमांडेंट ने द्वीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह का किया उद्घघाटन

» मौके पर छात्र- छात्राओं ने मनमोहक नृत्य संगीत की दिया प्रस्तुति

**बीएनएम। मोतिहारी**




जिले के घोड़ासहन प्रखंड अंतर्गत घोड़ासहन दक्षिणी पंचायत के नजदीक स्थित आवासीय आदर्श नवोदय उच्च विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को अभिभावक व शिक्षक मिलन सह वार्षिक परीक्षाफल का प्रकाशन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का उद्घघाटन बतौर मुख्य अतिथि अठमुहान एसएसबी कैम्प 71वीं वाहिनी के असिस्टेंट कमांडेंट आकाश कुमार यादव द्वारा फीता काटने के उपरांत विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार, प्रधानाचार्य सर्वजीत पाण्डेय व आगंतुक पूर्व शिक्षक राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान आगत अतिथियों का सम्मान माला पहनाकर, बुके देकर व शॉल ओढ़ा कर किया गया। मौके पर मौजूद छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को सम्बोधित करते श्री यादव ने शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा का महत्व बहुत अधिक है क्योंकि यह व्यक्ति और समाज दोनों के विकास के लिए आवश्यक है। यह ज्ञान, कौशल और समझ प्रदान करती है, जो बेहतर जीवन और समृद्धि की ओर ले जाती है। पढ़ाई- लिखाई के साथ खेलकूद को जरूरी बताया। वहीं सोशल मीडिया के दुरूपयोग से बचने की नसीहत दी। मंच का कुशल संचालन नीरज प्रभाकर ने किया। बच्चों ने सुमधुर देशभक्ति गीत-संगीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान किया। इस दौरान विद्यालय में सर्वोत्तम अंक लाने वाले तीन छात्र-छात्राओं को मैडल, शील्ड और क्रमशः 3100, 2100 और 1100 का चेक देकर सम्मानित किया गया।मौके पर शिक्षक राजीव कुमार, नीलेश कुमार झा, हेमन्त कुमार, सूरज कुमार, नागेंद्र कुमार, राधेश्याम कुमार, नीरज कुमार, महेश श्रीवास्तव सहित रामबाबू प्रसाद, पारसनाथ प्रसाद सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

# रेलवे के खराब रख-रखाव के कारण जोखिम

ओडिशा के कटक में नेरगुंडी स्टेशन के पास बैंगलोर-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस का बे-पटरी होना वाकई दुखद है। खबर है कि ट्रेन के ग्यारह डिब्बे पटरी से उतर गए और एक शख्स की मौत हो गई है जबकि कई घायल हैं। हालांकि ट्रेन के पटरी से उतरने का कारण अभी पता नहीं चला है, परंतु जांच के आदेश दिए जा चुके हैं। ट्रेनों के पटरी से उतरने के मुख्य कारणों में ट्रैक की खराबी के साथ ही टूटी पटरियां, गलत ट्रैक होना या स्विच की खराबी होती है। कई बार रेलवे के खराब रख-रखाव के कारण भी जोखिम बढ़ जाता है। मैकेनिकल फाल्ट या ट्रैक पर लगे उपकरणों की उचित देखभाल न होने के कारण भी पटरी से ट्रेन उतर सकती है। विशेषज्ञ बाताते हैं, अत्यधिक गरमी के कारण पटरियों पर पड़ने वाली दरारें या डब्बों को आपस में जोड़ने वाले उपकरणों को सलीके न बांधे जाने के कारण भी यह हादसा होने की आशंकाएं बढ जाती हैं। चूंकि अपने देश का रेल नेटवर्क दुनिया का चौथा सबसे बड़ा है, जिसमें बड़ी संख्या में यात्री व भारी-भरकम सामान का आवागमन होता है। नियंत्रक व महालेखा परीक्षक ने हर साल एक लाख से अधिक सिग्नल व रोलिंग स्टॉक मेमोरी की विफलता की तरफ भी इशारा किया है। पुरानी हो चुकी पटरियों पर जब ओवर-लोडेड ट्रेनें तेज रफ्तार से गुजरती हैं तो इन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और टूटने का खतरा बढ़ जाता है। पिछली कई दुर्घटनाओं में पाया गया कि इनके पीछे चालकों की थकान व काम का बोझ भी है। सिग्नल विफलताएं, तकनीकी खामियां, रख-रखाव संबंधी लापरवाहियां भी कम नहीं हो रहीं। मानवीय गलतियों को लेकर जितना हो-हल्ला होता है, उससे ज्यादा तकनीकी गड़बड़ी तथा खरीद में लापरवाही भी दोषी है। रेलवे की गलतियों के अलावा अराजक तत्वों की शरारत, जानबूझकर कर की गई तोड़-फोड़ भी होती है। जिसे रोकना बड़ी चुनौती है। तय रूप से दुर्घटनाओं से बचाव के लिए रेलवे को तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करना चाहिए और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के अतिरिक्त उन्हें और भी जिम्मेदार बनाना होगा।

# भगवान राम का आदर्श प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सिद्ध हो



डॉ. राघवेंद्र शर्मा

भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, लेकिन गौर से देखा जाए और उनके जीवन वृतांतों का अध्ययन किया जाए तो हम पाएंगे कि भगवान राम समस्त मर्यादाओं से परे हैं। उन्होंने अपने आचरण के माध्यम से ऐसी अनेक मर्यादाएं स्थापित कीं, जिनका अनुसरण करके कोई भी साधारण मनुष्य स्वयं को मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में स्थापित कर सकता है। उनका जीवन दर्शन ऐसा है जो स्वयं अनेक मर्यादाओं को स्थापित करता है। उनके ऐसे परम पावन व्यवहार का शुभारंभ बचपन से ही हो जाता है। उदाहरण के लिए- जब भगवान राम अपने तीनों भाइयों- भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ गुरु वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं, तब अपने ईश्वरत्व को पूरी तरह त्याग कर गुरु और गुरु माता पर आश्रित ही रहते हैं। शिक्षा के दौरान गुरु वशिष्ठ और उनकी धर्मपत्नी देवी अरुंधति को भगवान राम अपने अभिभावक का दर्जा भी प्रदान करते हैं। उनका यही भाव तब गुरु विश्वामित्र के प्रति रहता है जब पिता दशरथ, राक्षसों का नाश करने के लिए उन्हें लक्ष्मण के साथ गुरु विश्वामित्र के हाथ सौंप देते हैं। इस बेहद सौम्य और विनम्र स्वभाव के बावजूद राम सदैव अपने छोटे भाइयों को पुत्रवत स्नेह देते रहे और एक पिता की तरह सदैव उनकी राजी खुशी की चिंता करते रहे। बल्कि सदैव उन्होंने यह सुनिश्चित भी किया कि उनके तीनों भाई किसी भी खतरे का शिकार ना बनें और सुरक्षित रहते हुए अपने कर्तव्यों का भली भांति निर्वहन कर सकें। जब राम राक्षसी ताड़का का वध करते हैं तब उसे जन्म-जन्मांतरों के बंधनों से मुक्त करके उसके आत्मस्वरूप तेज पुंज को अपने में समाहित कर लेते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वे जानते हैं ताड़का जन्मजात राक्षसी नहीं थी। ऋषि अगस्त्य द्वारा उसके राक्षस पति सुंद का शाप द्वारा वध किया गया था। अपने पति की मृत्यु का बदला लेने के लिए उसने अपने यथ स्वरूप का त्याग करते हुए राक्षसी प्रवृत्ति का चोला ओढ़ लिया था। कुछ कदम आगे चलकर राम अहिल्या का उद्धार भी करते हैं। इस भाव के साथ कि परिस्थिति वश अथवा अज्ञानता वश यदि कोई पाप हो जाए तो उसे कारित करने वाले पुरुष अथवा नारी को पाप का भागी सिद्ध नहीं किया जा सकता। ऐसा करके राम अहिल्यापति ऋषि गौतम को पश्चाताप की अग्नि से भी छुटकारा दिलाते हैं। क्योंकि उन्होंने क्रोधवश अपनी पत्नी को अनुचित श्राप दिया था। किंतु वास्तविकता का ज्ञान होने पर वे अपने शाप को वापस नहीं ले सकते थे। फलस्वरूप तभी से पुण्यों द्वारा अर्जित अपने लोक में स्थित होकर वे अपनी पत्नी की चिरकाल से प्रतीक्षा कर रहे थे। माता सीता से भगवान राम का प्रथम मिलन पुष्प वाटिका में हुआ तब वह अपने भावों पर नियंत्रण बनाए रखते हैं। क्योंकि उन्हें ज्ञात है सीता स्वयंवर कर्म आधारित प्रक्रिया है। सीता स्वयंवर में समस्त विभूतियों के असफल होने के पश्चात राजा जनक द्वारा अनुचित शब्द कहे जाने पर लक्ष्मण का क्रोध सातवें आसमान पर होता है। वे भी प्रत्युत्तर में राजा जनक को कठोर वचन कह देते हैं। तब भगवान राम ना तो उन्हें रोकते हैं और ना ही डांटते हैं। क्योंकि वे ऐसा मानते हैं, वहां पर लक्ष्मण जी को अनुशासित करने के लिए गुरु अथवा अभिभावक के रूप में विश्वामित्र जी उपस्थित हैं। अतः उनकी उपस्थिति में स्वयं को वरिष्ठ प्रतिपादित करना उन्हें उचित प्रतीत नहीं होता। इसी समारोह में क्रोधाग्नि में ज्वलंतशील परशुराम जी द्वारा अनेक बार राम के आत्मसम्मान को आहत किया गया। किंतु फिर भी वे उन्हें लौटकर दंडात्मक प्रति उत्तर नहीं देते। क्योंकि वे परशुराम के आभामंडल को खंडित करना नहीं चाहते। वे जानते हैं कि त्रेता युग में परशुराम पापाचार में युक्त क्षत्रियों का संहार कर चुके हैं और आने वाले युगों में सनातन संस्कृति को उनके तेज बल की आवश्यकता पड़ने वाली है। माता कैकई द्वारा वर मांगने पर उन्हें 14 वर्षों का बनवास हुआ, तब वाल्मीकि रामायण के अनुसार लक्ष्मण जी पिता दशरथ जी को कारागार में डालने हेतु उद्वेलित थे। इस प्रण के साथ की अयोध्या के सिंहासन पर केवल श्री राम का ही अधिकार है। किंतु श्री राम ने पितु आज्ञा को ही सर्वोपरि माना और इसके लिए लक्ष्मण को प्रेम पूर्वक डांट भी पिलाई। श्रृंगवेरपुर के भील राज गुह को प्राणों के समान प्रिय भाई भरत जैसा अपनत्व और सम्मान देकर प्रभु श्री राम यह प्रतिपादित करते हैं कि व्यक्ति को जाति से नहीं बल्कि उसके कर्मों से सम्मान अथवा असम्मान का अधिकारी माना जाना चाहिए। आप केवट को अपने चरण धोने का सौभाग्य भी देते हैं। क्योंकि उसका तत्कालीन जीवन और पूर्व का मृत्यु वृतांत उन पर उधार था। कच्छप योनि में वह क्षीर सागर का वासी था। श्री हरि विष्णु के चरण स्पर्श करते वक्त शेषनाग जी ने फुंफकार कर उसे भस्म कर दिया। फल स्वरुप वह कच्छप प्रभु चरणों को छूने की आस मन में लिए मृत्यु को प्राप्त हुआ। तब योग निद्रा में लीन प्रभु ने उसे अंतर्मन से आशीर्वाद दिया था कि त्रेतायुग में, मैं स्वयं चलकर तुम्हारे पास आऊंगा और तुम्हारी शर्तों के अनुरूप तुम्हें अपने पैर पखारने की अनुमति प्रदान करूंगा। इसके बाद चित्रकूट पहुंचने तक उन्हें अपने अनेक भक्त, संत, महात्मा, ऋषि मुनि के रूप में मिले। लेकिन श्री राम ने स्वयं को भगवान प्रदर्शित न करते हुए भगवा का मान रखा और सभी के चरण स्पर्श करते हुए आगे बढ़ते गए। चित्रकूट में जब भरत जी उन्हें वापस लेने



आए तो श्रीराम इनकार कर सकते थे लेकिन उन्होंने अंतिम निर्णय वहां उपस्थित गुरु वशिष्ठ समेत ऋषियों और राजा जनक के माध्यम से ही प्रतिपादित कराया। इससे जहां राम का बड़प्पन तो स्थापित हुआ ही, वहीं ऋषि-मुनियों, राजा जनक और उपस्थित माताओं का सम्मान भी बना रहा, साथ में भरत की भावनाएं भी आहत नहीं हुईं। सीता अपहरण में शामिल मारीच को वे केवल इसलिए मोक्ष प्रदान कर देते हैं, क्योंकि वह अपनी इच्छा से नहीं बल्कि मजबूरी वश उस प्रसंग का हिस्सा बना था और राम के हाथों ही मरना चाहता था। माता शबरी को केवल गुरु का धाम ही नहीं दिया बल्कि उन्हें तब नवधा भक्ति का ज्ञान बताया, जब तत्कालीन स्वयंभू विद्वान खुद को भगवान का सच्चा भक्त बताते हुए "भीलनी" को तुच्छ साबित करने में लगे हुए थे। वे चाहते तो संकल्प मंत्र से रावण का वध कर सकते थे लेकिन सत्य की रक्षा के लिए वानरों का मान बढ़ाया। महाबली बाली का वध करके उसकी अपेक्षा बेहद कम शक्तिशाली सुग्रीव को मित्र बनाया, क्योंकि बाली मातांध होकर अनीति पर चल रहा था, जबकि सुग्रीव ने धर्म को साक्षी बनाए रखा। विभीषण जी को गले लगाकर आदर्श स्थापित करते हैं कि सभी ओर से निराश होकर शरण आए व्यक्ति को सामर्थ्य अनुसार सहयोग अपेक्षित है। रावण के पास अंगद को भेज कर यह संदेश भी दिया कि शांति वार्ता के माध्यम से समस्या सुलझ सकती हो तो व्यापक नरसंहार को हर हाल में टाला जाना चाहिए। श्रीराम कर्मों का फल देते हुए बाली, मेघनाद, और रावण का भले ही वध करते हैं लेकिन तारा, सुलोचना और मंदोदरी आदि का हाथ जोड़कर सम्मान करते हैं। इस आदर्श के साथ कि स्त्रियां भले ही शत्रु पक्ष की क्यों ना हों, यदि वे अपने स्वजनों के पाप में शामिल नहीं हैं तो उन्हें सम्मान देना ही चाहिए। किंतु यदि स्त्री शूर्पणखा के समान स्वच्छंद और व्यभिचारणी हो तो उसको दंड देने में देर नहीं लगानी चाहिए।

**हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहि सुनहि बहु विधि सब संता।।** यानी प्रभु श्री राम की कथा अनंत है। इसे संतों ने अनेक प्रकार से लिखा, गाया और प्रस्तुत किया है। इस दृष्टि से देखा जाए तो उनके समस्त गुणों, जीवन वृतांतों और दर्शन का वर्णन करना असंभव ही है। फिर भी जितना सीख पाया, उस आधार पर केवल इतना ही कहा जा सकता हैं कि मेरे राम समस्त मर्यादाओं से परे पुरुषोत्तम हैं।

## सूडोकु नवताल- 7392

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -7391 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

# परिसीमन के मुद्दे पर सियासत

चंदन मिश्र

झारखंड में परिसीमन को लेकर एक नया झमेला और राजनीतिक बखेड़ा खड़ा हो गया है। सत्तारूढ़ झामुमो ने खुलेआम परिसीमन का विरोध करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परिसीमन के खिलाफ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान साफ-साफ कहा है कि इसके लिए झारखंड आर-पार की लड़ाई लड़ेगा। इसके लिए उनकी कुर्सी रहे या चली जाए। अपने समापन भाषण में केंद्र सरकार के खिलाफ खुली चुनौती पेश करते हुए कि परिसीमन के मुद्दे पर केंद्र से आर-पार की लड़ाई होगी। किसी भी कीमत पर झारखंड सरकार परिसीमन को स्वीकार नहीं करेगी। सरकार रहे या जाए, जो भी होगा, सरकार के लिए सबसे अहम होगा। परिसीमन का विरोध जारी रहेगा। झारखंड पर नये परिसीमन के कई असर पड़ने की संभावना है। सबसे पहले, यह आदिवासी समुदाय की विधानसभा और लोक सभा में आरक्षित सीटों की संख्या को प्रभावित कर सकता है। झामुमो का दावा है कि परिसीमन के बाद आदिवासियों की सीटें कम हो जाएंगी। इसके अलावा, परिसीमन के बाद झारखंड में लोक सभा की सीटें बढ़कर 17 हो सकती हैं, लेकिन विधानसभा की सीटों की संख्या में कोई बदलाव नहीं होगा। हालांकि, आदिवासी सीटों की संख्या 28 से घटकर 22 हो जाएगी, जबकि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों की संख्या आठ से बढ़कर 10 हो जाएगी। अब तक तय कार्यक्रम के अनुसार 2026 में देश भर में परिसीमन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस परिसीमन से झारखंड के भी राजनीतिक स्थिति में बदलाव होने वाला है। अगर 2026 में परिसीमन प्रक्रिया की शुरु आत हो जाती है, तो 2029 के चुनावों में संसद और विधानसभाओं में सीटों की संख्या बढ़ जाएगी। माना जा रहा है कि 2029 के लोक सभा चुनाव में लगभग 78 सीटों का इजाफा होने की संभावना है। अब तक जो संकेत मिले हैं, उनके अनुसार झारखंड में लोक सभा सीटों की संख्या बढ़ कर 17 हो सकती है। झामुमो के विरोध का आधार यह है कि वर्तमान में 14 सीटों में से पांच आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं, लेकिन 17 सीटें होने पर भी आरक्षित सीटों की संख्या नहीं बढ़ेगी, यानी आदिवासियों का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। विधानसभा सीटों के बारे में कहा जा रहा है कि झारखंड में विधानसभा की सीटें नहीं बढ़ेंगी, लेकिन आदिवासी सीटों की संख्या 28 से घट कर 22 हो जाएंगी, जबकि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों की संख्या आठ से बढ़ कर 10 हो जाएंगी। पिछली बार 2007 में देश भर में विधानसभा और लोक सभा की सीटों का परिसीमन हुआ। यह परिसीमन 2009 के लोक सभा चुनाव से देश भर में लागू हो गया। तब झारखंड में भी लागू होना था, लेकिन विरोध के कारण उसे झारखंड में लागू नहीं किया गया था। अब यह मुद्दा एक बार फिर गरम हो गया है। झामुमो ने 2026 में होनेवाले इस प्रस्तावित परिसीमन का विरोध करने की घोषणा कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मुद्दे को लेकर तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और केरल जैसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात भी की है। देश में अंतिम बार परिसीमन 2009 के चुनावों में लागू हुआ था, लेकिन उस समय झारखंड में इसे लागू नहीं किया गया था। यह मुद्दा पिछली लोक सभा में भी उठा था, जब रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ ने झारखंड में विधानसभा सीटों की संख्या 120 किये जाने की मांग उठायी थी। अब एक बार फिर यह मुद्दा गरमा गया है। जनगणना के बाद देश में लोक सभा और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होगा। उसका असर झारखंड पर भी पड़ेगा। इसकी हलचल अभी से दिखने लगी है। झामुमो ने आरोप लगाया है कि परिसीमन के जरिये केंद्र की भाजपा सरकार आरक्षित सीटों की संख्या घटा सकती है। नियमों के अनुसार प्रत्येक 15 साल पर परिसीमन करना है। पूरे देश में 2008 में परिसीमन हुआ था। उसी आधार पर 2009 का लोक सभा चुनाव हुआ, पर झारखंड में परिसीमन नहीं हुआ। 2008 में झारखंड के राजनीतिक दलों ने परिसीमन का इसलिए विरोध किया था, क्योंकि उन्हें डर था कि लोक सभा और विधानसभा में एसटी सीटें घट जाएंगी। परिसीमन के बाद लोक सभा की एक और विधानसभा की छह एसटी सीटें घटने की आशंका थी, जबकि विधानसभा में एससी की एक सीट बढ़कर 10 हो रही थीं। फिर वही परिदृश्य बनने की संभावना है। इसलिए झामुमो अभी से मुद्दा बनाने में जुट गया है। दरअसल, झारखंड में परिसीमन का मुद्दा पूरी तरह सियासी रंग पकड़ चुका है। स्थापित प्रावधानों के अनुसार हर जनगणना के बाद परिसीमन आयोग का गठन किया जाता है और इसकी सिफारिशें लागू की जाती हैं। देश में अंतिम परिसीमन आयोग 2002 में बना और इसने 2005 में अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को दी।



# आज का राशिफल

**मेष राशि-** आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। माता की कृपा से पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। परिवार में धार्मिक कार्यक्रम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आज आपके नए दोस्त बन सकते हैं। आपको उनसे बात करके अच्छा लगेगा। जीवनसाथी के साथ आप किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। कुछ दिनों से चल रही पारिवारिक समस्याएं समाप्त होंगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेसमैन आज जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा। मां कालरात्रि की कृपा से ऑफिस में सबके साथ सामंजस्य बिठाने में आप सफल रहेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन राशि-**आज का दिन उत्तम रहने वाला है। छात्रों के लिए आज का दिन करियर में नया बदलाव लाएगा। आज नवरात्र के सातवें दिन माँ कालरात्रि आपके परिवार में सुख-शांति बनाये रखेगी। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। राइटर आज नई स्टोरी लिख सकते हैं, जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जाएगा। परिवार में नए सदस्य के जुड़ने से सभी लोग बहुत प्रसन्न होंगे।

**कर्क राशि-** आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं, आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। ट्रांसपोर्ट का बिज़नस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा। आज अपनी सेहत का खास ख्याल रखे।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन खास रहने वाला है। आपका ध्यान काम को पूरा करने में लगा रहेगा। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। शत्रुपक्ष आपकी योजनाओं से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। इस राशि के जो लोग अपना बिजनेस करते हैं, उन्हें मुनाफा मिलने की संभावना है। आज आप सोच-विचार में रहेंगे, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा।

**कन्या राशि-** आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे, साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने का प्लानिंग कर सकते हैं। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आपको भविष्य में फायदा हो सकता है।

**तुला राशि-**आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में लंच के लिए जाएंगे। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप किसी बात को लेकर थोड़ा उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्त की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ एंजॉय करने का मौका मिलेगा।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर फ्लोवर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं। कॉन्ट्रेक्टर्स के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**मकर राशि-**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नए अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे।

**मीन राशि-**आज आपको अचानक नए स्त्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को खुशनुमा बना देगा। सामाजिक कामों में आपकी रुचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से काम में पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीज़ों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेषः स्वास्थ्य के प्रति करना होगा जागरूक



रमेश सर्राफ धमोरा

स्वास्थ्य हमारे जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इंसान जब तक स्वस्थ रहता है, तब तक उसमें कार्य करने की क्षमता बनी रहती है। जब वह अस्वस्थ होने लगता है तो उसके कार्य करने की क्षमता भी कमजोर पड़ने लगती है। इसीलिए हमारे बुजुर्ग कहा करते थे कि पहला सुख निरोगी काया। यानी शरीर स्वस्थ रहने पर ही सबसे पहला सुख मिलता है। आज के दौर में खानपान में लापरवाही के चलते अधिकतर व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से ग्रसित रहने लगे हैं। इससे उनके कार्य क्षमता में भी कमी आई है। मनुष्य के अस्वस्थ होने पर उसके उपचार पर पैसे खर्च होते हैं, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने लगती है। इसके साथ ही बीमार व्यक्ति का पूरा परिवार भी उसकी बीमारी के चलते तनाव में रहने लगता है। भागम-भाग के दौर वाली आज की जिंदगी में जो व्यक्ति अपना स्वास्थ्य सही रख पाता है। वह कम कमा कर भी सबसे अधिक सुखी रह सकता है। इसलिए हमें सबसे अधिक अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। दुनिया भर में मनुष्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी दुनिया के देशों को समय-समय पर चेतावनी देता रहता है। कुछ वर्ष पूर्व आई कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया था। मगर वैज्ञानिकों की तत्परता से वैक्सीन निर्माण होने के चलते वह नियंत्रण में आ गई थी। मगर भविष्य में भी ऐसी कोई गारंटी नहीं है कि कोरोना जैसी महामारी फिर नहीं आएगी। कभी भी कोई नई महामारी आ सकती है। इसलिए हमें हमारे खानपान, रहन-सहन व वातावरण में सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि हम बेवजह की बीमारियों से बच सके। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रति वर्ष सात अप्रैल को पूरी दुनिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे विश्व स्वास्थ्य संगठन का मकसद दुनियाभर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। साथ ही साथ सरकारों को स्वास्थ्य नीतियों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करना। वर्तमान में इस संगठन के बैनर तले 195 से अधिक देश अपने-अपने देश के नागरिकों को रोगमुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने की शुरुआत 1950 से हुई। वैश्विक आधार पर स्वास्थ्य से जुड़े सभी मुद्दे को विश्व स्वास्थ्य दिवस लक्ष्य बनाता है। जिसके लिये कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा अंतरर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रकार के खास विषय पर आधारित कार्यक्रम इसमें आयोजित होते हैं। पूरे साल भर के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिये और उत्सव को चलाने के लिये एक खास विषय का चुनाव किया जाता है। वर्ष 2025 में विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य। यह विषय माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और जीवन को बढ़ाने पर केंद्रित है। जिसका लक्ष्य परिहार्य मातृ और शिशु मृत्यु के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आधे भारतीयों की आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच ही नहीं है। जबकि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने वाले लोग अपनी आय का 10 फीसदी से ज्यादा इलाज पर ही खर्च कर रहे हैं। वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक (जीसीआई) 2024 में भारत का स्कोर 98.49/100 रहा है। यह स्कोर अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ भारत को टियर-1 में रखता है। वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक 2024 के अनुसार भारत 42.8 के समग्र सूचकांक स्कोर के साथ 195 देशों में से 66वें स्थान पर है और 2019 से -0.8 का परिवर्तन है। 2021 में दुनिया भर के देशों की स्वास्थ्य प्रणालियों की रैंकिंग के अनुसार, स्वास्थ्य सूचकांक स्कोर के आधार पर भारत 167 देशों में से 111वें स्थान पर था। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार तीन साल की अवस्था वाले 3.88 प्रतिशत बच्चों का विकास अपनी उम्र के हिसाब से नहीं हो सका है और 46 प्रतिशत बच्चे अपनी अवस्था की तुलना में कम वजन के हैं, जबकि 79.2 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से पीडित हैं। गर्भवती महिलाओं में एनीमिया 50 से 58 प्रतिशत बढ़ा है। कहा जाता है कि जिस देश कि चिकित्सा सुविधाएं बेहतर होगीं, उस देश के लोगों की औसत आयु उतनी ही अधिक होगी। भारतवासियों को यह जानकर हैरानी होगी कि औसत आयु के मामले में बांग्लादेश भारत से आगे है। भारत में औसत आयु जहां 64.6 वर्ष मानी गई है, वहीं बांग्लादेश में यह 66.9 वर्ष है। इसके अलावा भारत में कम वजन वाले बच्चों का अनुपात 43.5 प्रतिशत है और प्रजनन क्षमता की दर 2.7 प्रतिशत है, जबकि पांच वर्षों से कम अवस्था वाले बच्चों की मृत्यु दर 66 है और शिशु मृत्यु दर जन्म लेने वाले प्रति हजार बच्चों में 41 है जबकि 66 प्रतिशत बच्चों को डीपीटी का टीका देना पड़ता है। भारतीय स्वास्थ्य रिपोर्ट के मुताबिक सार्वजनिक स्वास्थ्य की सेवाएं अभी भी पूरी तरह से मुफ्त नहीं है और जो है उनकी हालत अच्छी नहीं है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षित लोगों की काफी कमी है। भारत में डॉक्टर और आबादी का अनुपात भी संतोषजनक नहीं है। हमारे देश में 1000 लोगों पर एक डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है। अस्पतालों में बिस्तर की उपलब्धता भी काफी कम है और केवल 28 प्रतिशत लोग ही बेहतर साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं। पिछले कुछ सालों में हमारे देश में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का प्रभाव बढ़ा है। साथ ही मधुमेह, हृदय रोग, क्षय रोग, मोटापा, तनाव की चपेट में भी लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं। महिलाओं में स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर का खतरा बढ़ा है। ये बीमारियां बड़ी तादाद में उनकी मौत का कारण बन रही हैं। ग्रामीण तबके में देश की अधिकतर आबादी उचित खानपान के अभाव में कुपोषण की शिकार हो रही है। महिलाओं, बच्चों में कुपोषण का स्तर अधिक देखा गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रति 10 में से सात बच्चे एनीमिया से पीडित हैं। वहीं महिलाओं की 36 प्रतिशत आबादी कुपोषण की शिकार है। भारत में इलाज पर अपनी जेब से खर्च करने वाले पीडित लोगों की संख्या ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की संयुक्त आबादी से भी अधिक है। भारत की तुलना में इलाज पर अपनी आय का 10 फीसदी से अधिक खर्च करने वाले लोगों का देश की कुल जनसंख्या में प्रतिशत श्रीलंका में 2.9 फीसदी, ब्रिटेन में 1.6 फीसदी, अमेरिका में 4.8 फीसदी और चीन में 17.7 फीसदी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अभी भी बहुत से लोग ऐसी बीमारियों से मर रहे है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# आईपीएल 2025ः लखनऊ ने मुंबई को 12 रन से हराया

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाएंट्स ने रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 12 रन से हरा दिया है। इसके साथ लखनऊ ने आईपीएल 2025 में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मिचेल मार्श और एडेन मार्करम के अर्धशतकों के दम पर 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक लगाया लेकिन उनकी कोशिश बेकार गई और मुंबई निर्धारित ओवर में पांच विकेट पर 191 रन ही बना सकी। मुंबई के लिए सूर्यकुमार ने 43 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 67 रन बनाए। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 17 रन के अंदर विल जैक्स और रियान रिक्लेटन के विकेट गवां दिए। इसके बाद सूर्यकुमार और नमन धीर ने पारी को संभाला और शानदार बल्लेबाजी करते हुए तीसरे



विकेट के लिए 69 रन जोड़े। नमन हालांकि, अर्धशतक लगाने से चूक गए और 24 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई ने इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर तिलक वर्मा को उतारा जिन्होंने सूर्यकुमार का अच्छा साथ निभाया। सूर्यकुमार ने 31 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और फिर आक्रामक अंदाज में खेलना जारी रखा। सूर्यकुमार को आवेश खान ने आउट किया। सूर्यकुमार के पवेलियन लौटने के बाद क्रीज पर कप्तान हार्दिक पांड्या उतरे। अंतिम ओवर से ठीक पहले तिलक वर्मा 25 रन बनाकर रिटायर आउट हो गए और उनकी जगह क्रीज पर मिचेल सैंटनर उतरे। मुंबई को आखिरी ओवर में जीत के लिए 22 रन चाहिए थे। हार्दिक ने आवेश की पहली गेंद पर छक्का लगाया, लेकिन आवेश लक्ष्य का बचाव करने में सफल रहे। हार्दिक 16 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि सैंटनर भी दो रन बनाकर नाबाद लौटे। लखनऊ की ओर से शार्दुल ठाकुर, आकाश दीप, आवेश खान और दिग्वेश सिंह राठी को एक-एक विकेट मिले। लखनऊ सुपर जाएंट्स ने मिचेल मार्श और एडेन मार्करम के अर्धशतकों की मदद से मुंबई इंडियंस को 204 रनों का लक्ष्य दिया। मुंबई ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन मार्श और मार्करम ने अर्धशतक जड़े जिससे लखनऊ की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाने में सफल रही। मुंबई के लिए कप्तान हार्दिक पांड्या ने शानदार गेंदबाजी की और चार ओवर में 36 रन देकर पांच विकेट झटके। हालांकि, वह लखनऊ को 200 रन का स्कोर छूने से नहीं रोक सके। पहले बल्लेबाजी करते हुए मार्श ने पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी की, लेकिन विग्नेश पुथुर ने उन्हें आउट कर मुंबई को बड़ी सफलता दिलाई। मार्श 31 गेंदों पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 60 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद लखनऊ ने दो और विकेट जल्द गंवा दिए। कप्तान ऋषभ पंत एक बार फिर फ्लॉप साबित हुए और दो रन बनाकर आउट हुए। वहीं, निकोलस पूरन ने 12 रन बनाए। मार्करम हालांकि डटे रहे और उन्होंने अर्धशतक पूरा किया। मार्करम भी 38 गेंदों पर दो चौकों और चार छक्कों की मदद से 53 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, आयुष बडोनी ने 19 गेंदों पर 30 रनों की पारी खेली। अंतिम ओवरों में डेविड मिलर ने अपना दम दिखाया और लखनऊ का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। इस बीच हार्दिक के पास अंतिम ओवर में हैट्रिक लेने का मौका था, लेकिन वह चूक गए। हार्दिक ने पहले 20वें ओवर की चौथी गेंद पर मिलर को आउट किया जो 14 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 27 रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक ने इसकी अगली गेंद पर आकाश दीप को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। मुंबई के लिए हार्दिक के अलावा ट्रेंट बोल्ट, अश्विनी कुमार और विग्नेश पुथुर को एक-एक विकेट मिला।

# हमारे गेंदबाजों ने 10-12 रन ज्यादा दिए इसलिए लखनऊ से हम हारेः पंड्या

**नई दिल्ली।** हार्दिक पंड्या लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मैच गंवाने के बाद निराश हैं। उनका कहना है कि हमारे गेंदबाजों ने विपक्षी टीम के खिलाफ 10 से 12 रन ज्यादा दिए जिसका हमें नुकसान हुआ। मुंबई को लखनऊ से 12 रन से हार मिली। मुंबई के कप्तान पांड्या ने गेंदबाजी करते हुए 36 रन देकर पांच विकेट लिए, लेकिन लखनऊ टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 8 विकेट पर 203 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन ही बना सकी और मैच गवां दिया। हार्दिक पंड्या ने मैच के बाद कहा कि हारना हमेशा निराशाजनक होता है। मैं ईमानदारी से कहूं तो मैदान में हमने 10-12 रन ज्यादा दिए। आखिरी में हम इसी अंतर से हारे। हार्दिक ने टी20 क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लिए हैं। आईपीएल में पांच विकेट लेने वाले वह पहले कप्तान



बन गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा अपनी गेंदबाजी का लुत्फ उठाया है। मेरे पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं, लेकिन मैं विकेट परखकर कर अपने विकल्प चुनता हूं। मैं विकेट लेने की जगह बल्लेबाजों से गलतियां करवाने की कोशिश करता हूं। मुंबई ने तिलक वर्मा को उस समय रिटायर आउट करने का फैसला किया जब टीम को जीत के लिए सात गेंद में 24 रन चाहिए थे। तिलक बड़ा शॉट खेलने में संघर्ष कर रहे थे, उन्होंने 23 गेंद में 25 रन बनाए।

# बुमराह के खिलाफ रन बनाना चाहते हैं नितीश

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी चाहते हैं कि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ मुकाबला करने का अवसर मिले। नितीश ऑस्ट्रेलिया दौरे में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी की नजरों में आये थे। बूमराह अभी तक फिट नहीं होने के कारण आईपीएल से बाहर हैं। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच 17 अप्रैल को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुकाबला होना है। नितीश चाहते हैं कि उस मैच तक बुमराह फिट होकर वापसी करें जिससे उन्हें उनके साथ मुकाबला करने और रन बनाने अवसर मिल सके। इस क्रिकेटर ने कहा कि अगर बुमराह के साथ मुकाबले का मौका मिलता है तो मैं इस चुनौती के लिए आभारी रहूंगा। वह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं और उनका सामना करना एक रोमांचक अनुभव



होगा। अगर मैं उनके खिलाफ कुछ रन बनाने में कामयाब हो जाता हूं, तो मुझे बहुत खुशी होगी। बुमराह जैसे शीर्ष गेंदबाजों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना ही खेल को रोमांचक बनाता है।

उन्होंने साथ ही कहा कि भारतीय क्रिकेट की इस पीढ़ी को विराट कोहली, रोहित शर्मा और अन्य दिग्गजों ने आकार दिया है। वहीं हमारा लक्ष्य उनकी विरासत को आगे ले जाना है। जसप्रीत, रोहित और विराट जैसे खिलाड़ी वास्तव में भारतीय क्रिकेट के लिए स्वर्णिम संपत्ति हैं। इस क्रिकेटर ने कहा कि वह महेन्द्र सिंह धोनी से कप्तानी का कौशल जबकि रोहित से पुल शॉट सीखना चाहेंगे।

# मुंबई इंडियंस ने रन चेज के दौरान तिलक वर्मा को कराया रिटायर्ड आउट

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुक्रवार को।लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ रन चेज के दौरान मुंबई इंडियंस ने एक चौंकाने वाला कदम उठाया। टीम ने तिलक वर्मा को रिटायर्ड आउट करने का फैसला किया, जो उस समय 23 गेंदों पर 25 रन बनाकर खेल रहे थे। यह घटना मैच के 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर हुई, जब शार्दुल ठाकुर गेंदबाजी कर रहे थे और मुंबई को जीत के लिए 7 गेंदों में 24 रन की जरूरत थी। तिलक की जगह मिशेल सैंटनर को क्रीज पर भेजा गया। हालांकि, मुंबई यह मुकाबला नहीं जीत सकी और आवेश खान ने आखिरी ओवर में 22 रन बचा लिए। मैच के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा, "ये साफ था कि



हमें बड़े शॉट्स की जरूरत थी और तिलक उस दिन लय में नहीं थे। क्रिकेट में ऐसा दिन आता है जब आप पूरी कोशिश करते हैं लेकिन चीजें आपके पक्ष में नहीं जातीं। हमारा फैसला खुद बयां कर रहा है कि हमने ऐसा क्यों किया।" आईपीएल में यह चौथी बार है जब कोई बल्लेबाज़ रिटायर्ड आउट हुआ हो। इससे पहले 2022 में राजस्थान रॉयल्स के रविचंद्रन अश्विन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई में यह कदम उठाया था। 2023 में पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ धर्मशाला में अथर्व ताइड़े को रिटायर्ड आउट किया था, वहीं गुजरात टाइटंस ने अहमदाबाद में मुंबई इंडियंस के खिलाफ साई सुदर्शन को वापस बुलाया था। मुंबई इंडियंस का यह फैसला चर्चा में है, और क्रिकेट जगत में इसकी रणनीति को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।

# डब्लयूटीसी 2025-27 चक्र में बड़ी जीत पर बोनस अंक देगी आईसीसी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) 2025-27 के चक्र में बोनस अंक देने पर विचार कर रही है। डब्लयूटीसी का ये




सत्र जून में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से शुरू होगा। वर्तमान नियमों के अनुसार अभी छोटे अंतर या एक पारी के अंतर से जीतने वाली टीम को 12 अंक, मैच टाई होने पर छह अंक और ड्रॉ रहने पर चार अंक मिलते हैं पर अब आईसीसी बड़े अंतर से मिलने वाली जीत या पारी के अंतर की जीत पर बोनस अंक दे सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डब्लयूटीसी सत्र शुरू होने से ही पारी की जीत पर बोनस अंक देने जैसे मामलों पर बात हो रही है क्योंकि कई टीमों का मानना है कि बड़ी टीमों को हराने पर उन्हें उतना लाभ नहीं मिल रहा है जितना मिलना चाहिये। वहीं एक पूर्व खिलाड़ी ने कहा, 'अगर ऐसा होता है तो ये अच्छी शुरुआत होगी। इससे दोनो ही टीमों को बेहतर परिणाम देने की प्रेरणा मिलेगी। इसके साथ ही आईसीसी विरोधी टीम के मैदान पर जीत दर्ज करने पर भी अतिरिक्त अंक दे सकती है। इसका कारण है कि किसी भी टीम को उसके ही घरेलू मैदाना पर हराना आसान नहीं होता।

## व्यापार

# सभी के लिए पेंशन राष्ट्रीय प्राथमिकता बननी चाहिएः पंकज चौधरी

**नई दिल्ली।** पहला अंतरराष्ट्रीय पेंशन अनुसंधान सम्मेलन (आईआरसीपी) 2025 विश्व बैंक और विशेषज्ञों सहित वैश्विक प्रमुखों की भागीदारी के साथ शुक्रवार को नई दिल्ली में संपन्न हो गया। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सभी के लिए पेंशन एक राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। चौधरी ने कहा कि आने वाले दशकों में भारत की जनसांख्यिकी बहुत तेजी से बदल रही है। वर्ष 2050 तक पांच में से एक भारतीय 60 वर्ष से अधिक आयु का होगा, जबकि 2047 तक बुजुर्गों की संख्या बच्चों की संख्या से ज्यादा हो जाएगी। अनुमान है कि सदी के मध्य तक 19 फीसदी आबादी बुजुर्ग होगी, जिनमें मुख्य रूप से महिलाएं होंगी। ऐसे में समावेशी पेंशन योजनाओं के जरिए वित्तीय स्वतंत्रता हासिल करना केवल एक लक्ष्य नहीं है, बल्कि देश के लिए जरूरत है। 'सभी के लिए पेंशन' एक राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए, जिसके लिए हमारी



वृद्ध हो रही आबादी के लिए एक सम्मानजनक और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत योजना की आवश्यकता है। इस अवसर पर वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव नागराजू मद्दिराला ने कहा कि भारत की पेंशन व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहा है। एकीकृत पेंशन प्रणाली की शुरुआत तथा इसमें अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने के प्रयासों के माध्यम से हम सुरक्षित सेवानिवृत्ति के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर रहे हैं। यूपीएस में सेवानिवृत्ति से पहले पिछले 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन की 50 फीसदी राशि पेंशन के रूप में प्रदान करने का प्रावधान है। भारत की पेंशन परिसंपत्तियां, जो सकल घरेलू उत्पादन का लगभग 17 फीसदी है, ओईसीडी औसत से बहुत कम है, जहां वे आमतौर पर 80 फीसदी से अधिक होती हैं। यह सेवानिवृत्ति की तैयारी में एक बड़ी असमानता को दर्शाता है। पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अध्यक्ष डॉ. दीपक मोहंती ने कहा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) भारत के पेंशन क्षेत्र की आधारशिला के रूप में उभरी है, जो लाखों लोगों के लिए वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देती है। इसमें 14.4 लाख करोड़ का संचित कोष और एनपीएस और एपीवाई के तहत 8.4 करोड़ ग्राहक हैं। जैसा कि हम प्रौद्योगिकी-आधारित पहलों और नए नीतिगत समाधानों को अपनाते हैं। हमारा ध्यान अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने, वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने और भावी पीढ़ियों के लिए पेंशन-समावेशी समाज बनाने पर रहता है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि नई दिल्ली में आयोजित पहला आईआरसीपी 2025 कल संपन्न हो गया है। इसका उद्घाटन 3 अप्रैल को भारत मंडपम में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण ने भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से किया था ताकि भारत की मजबूत वृद्धावस्था आय सुरक्षा की ऐतिहासिक यात्रा को महत्वपूर्ण बनाया जा सके।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा, बढ़कर 665.4 बिलियन डॉलर हुआ

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, 28 मार्च, 2025 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 बिलियन डॉलर बढ़कर 665.4 बिलियन डॉलर के पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई के अनुसार, देश का स्वर्ण भंडार 519 मिलियन डॉलर बढ़कर 77.8 बिलियन डॉलर हो गया, जो विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा है। 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में 4.5 बिलियन डॉलर बढ़कर 658.8 बिलियन डॉलर होने के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का यह लगातार चौथा सप्ताह है। रुपये में अस्थिरता को कम करने में मदद करने के लिए आरबीआई द्वारा पुनर्मूल्यांकन और विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के कारण पिछले हफ्तों की गिरावट का रुझान अब पिछले चार हफ्तों में उलट गया है। इससे पहले देश का



विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में बढ़कर 704.885 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में किसी भी तरह की मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये को मजबूती मिलती है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। विदेशी मुद्रा भंडार में हाल ही में हुई वृद्धि के साथ रुपया भी मजबूत हुआ है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियादों को दर्शाती है और आरबीआई को रुपये में उतार-चढ़ाव आने पर उसे स्थिर करने के लिए अधिक गुंजाइश देती है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार आरबीआई को रुपये को गिरने से रोकने के लिए अधिक डॉलर जारी करके हाजिर और फॉर्वड करेंसी मार्केट में हस्तक्षेप करने में सक्षम बनाता है। वहीं, गिरता विदेशी मुद्रा भंडार आरबीआई को रुपये को सहारा देने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए कम जगह देता है।इस बीच, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत का वस्तु व्यापार घाटा फरवरी में घटकर 14.05 अरब डॉलर रह गया, जो तीन साल का न्यूनतम स्तर है। यह जनवरी में 22.99 अरब डॉलर था। इस दौरान निर्यात स्थिर रहा, जबकि आयात में गिरावट आई। यह वैश्विक बाजार में आर्थिक अनिश्चितता पैदा करने वाले भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद अर्थव्यवस्था के बाह्य क्षेत्र में मजबूती को दर्शाता है। देश का वस्तु निर्यात फरवरी में 1.3 प्रतिशत बढ़कर 36.91 अरब डॉलर हो गया, जबकि जनवरी में यह 36.43 अरब डॉलर था। वहीं, आयात 16.3 प्रतिशत घटकर 50.96 अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले महीने यह 59.42 अरब डॉलर था।

# शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 930 अंक गिरा; निवेशकों के 10 लाख करोड़ रुपए स्वाहा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबार सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 930 अंक या 1.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,364 और निफ्टी 345 अंक या 1.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,904 पर था। इसके चलते शेयर बाजार में आज निवेशकों के करीब 10 लाख करोड़ रुपये डूब गए। गिरावट का असर लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप पर अधिक दिखा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,516 अंक या 2.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,645 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 579 अंक या 3.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 15,675 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू



बैंक, फार्मा, मेटल, एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। केवल फाइनेंशियल सर्विसेज और एफएमसीजी इंडेक्स ही हरे निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स और आईटीसी टॉप गेनर्स थे। टाटा स्टील , टाटा मोटर्स, एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, सन फार्मा और एचसीएल टेक टॉप लूजर्स थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के रिसर्च हेड, विनोद नायर ने कहा कि हाल ही में अमेरिका द्वारा अनुमान से अधिक टैरिफ लागू किए जाने का वैश्विक बाजारों पर काफी असर हुआ है और निवेशक इससे हुए नुकसान की स्थिति का आकलन कर रहे हैं। अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की संभावना ने अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है। इससे अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई है, जो संभावित आर्थिक मंदी और मंदी के बढ़ते जोखिम को लेकर चिंताओं को दर्शाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ के बाद यूएस के बाजारों में गुरुवार को भारी बिकवाली हुई। डाओ करीब 4 प्रतिशत और टेक्नोलॉजी इंडेक्स नैस्डैक करीब 6 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

# आरबीआई जारी करने जा रहा 10 और 500 रुपये के नए नोट, इस बार इन बदलाव के साथ नोट होंगे खास

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द महात्मा गांधी नई सीरीज के तहत 10 और 500 रुपये के नोट जारी करने वाला है। इस पर नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि इन नोटों का डिजाइन सभी तरह से महात्मा गांधी (नई) सीरीज के 10 और 500 रुपये के मौजूदा बैंक नोटों के समान है। नए नोट जारी होने के बावजूद रिजर्व बैंक द्वारा पहले जारी किए गए 10 रुपये और 500 रुपये मूल्य वर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने पिछले महीने गवर्नर मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के बैंक नोट जारी करने की घोषणा की थी। संजय मल्होत्रा ने दिसंबर, 2024 में आरबीआई गवर्नर का पद संभाला था। उन्होंने छह साल तक गवर्नर रहे शक्तिकांत दास की जगह ली थी। जानकारी के लिए



आपको बता दें कि यह कदम नकदी की आपूर्ति को बनाए रखने और बैंकिंग प्रणाली में स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसके साथ ही नए गवर्नर के हस्ताक्षर वाले नोट जारी करना एक नियमित प्रक्रिया है, जिसे प्रत्येक नए गवर्नर के कार्यभार संभालने के बाद किया जाता है। इस बीच, केंद्रीय रिजर्व बैंक ने व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना और सभी नियमों को एक ही दस्तावेज में समाहित करने के उद्देश्य से विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत निर्यात और आयात के लिए नए मसौदा विनियम और निर्देश जारी किए हैं।

# ईडी ने एम्पुरान निर्माता के चिटफंड कार्यालय पर छापेमारी में 1.50 करोड़ कैश जब्त किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 के उल्लंघन के मामले में तमिलनाडु और केरल में श्री गोपालन चिट एंड फाइनेंस लिमिटेड (गोकुल चिट फंड) कंपनी के कई परिसरों में तलाशी के दौरान 1.50 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। ईडी ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि कोचीन जोनल कार्यालय ने 04 और 05 अप्रैल, 2025 को केरल के कोझिकोड में एक स्थान और तमिलनाडु के चेन्नई में दो स्थानों पर श्री गोकुलम चिट्स एंड फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के आवासीय और व्यावसायिक परिसरों में तलाशी लेने की कार्रवाई की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस कार्रवाई के दौरान 1.50 करोड़ रुपये नकद और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि ये तलाशी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा),



1999 के प्रावधानों के तहत 1000 करोड़ रुपये के कथित विदेशी मुद्रा उल्लंघन की चल रही जांच का हिस्सा है। ईडी ने बताया कि शुक्रवार को शुरू की गई यह तलाशी अभियान शनिवार को समाप्त हो गई। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि तलाशी के दौरान 1.50 करोड़ रुपये नकद और फेमा का उल्लंघन करने वाले कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। हालांकि, ईडी के आरोपों पर गोपालन या उनकी कंपनी की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। ईडी की यह छापेमारी "लूसिफेर" सीरीज की दूसरी किस्त 'एल2ः एम्पुरान' को लेकर हाल ही में उठे विवाद के बीच की गई है। उल्लेखनीय है कि मलयालम फिल्म "एल2ः एम्पुरान" के निर्माताओं में से एक गोकुलम गोपालन के स्वामित्व वाली ये कंपनी (गोकुलम गोपालन) आगामी मलयालम फिल्म "एल2ः एम्पुरान" के निर्माताओं में से एक है। केंद्रीय जांच एजेंसी की यह छापेमारी "लूसिफ़ेर" त्रयी की दूसरी किस्त "एल2ः एम्पुरान" को लेकर हाल ही में उठे विवाद की पृष्ठभूमि में की गई है।




# सिकंदर बनी सलमान खान की 18वीं 100 करोड़ी फिल्म

## भाईजान ने लिस्ट में अक्षय कुमार को पछाड़ा

सलमान खान स्टारर फिल्म सिकंदर ने अपनी रिलीज के तीन दिन पूरे कर लिए हैं. ईद के मौके पर 30 मार्च को रिलीज हुई सिकंदर ने दो दिनों में वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये और घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 70 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस कर लिया है. सलमान खान के फैंस ईद पर एक्शन सिकंदर का थिएटर में लुत्फ उठा रहे हैं. सिकंदर ने तीसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की और फिल्म का कुल कलेक्शन कितना हो गया है आइए जानते हैं. सिकंदर की दो दिनों की ऑफिशियल कमाई की बात करें तो सिकंदर ने वर्ल्डवाइड 54.72 करोड़ रुपये से खाता खोला था और घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 35.47 करोड़ रुपये कमाए थे. सिकंदर ने दूसरे दिन भारत में 39.37 करोड़ रुपए और ओवरसीज में 11.80 करोड़ रुपये की कमाई की थी. सिकंदर का दो दिनों का कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 105.89 करोड़ रुपये का हो गया है. वहीं, सैकनिल्क के अनुसार, सिकंदर ने तीसरे दिन 19.5 करोड़ रुपये (अनुमानित) की कमाई की है. मंगलवार को फिल्म की कमाई में 32 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है. सलमान खान के पास अब बस एक हफ्ता बचा है, इसके बाद सनी देओल की मास एक्शन फिल्म जाट रिलीज होने जा रही है.<सिकंदर के बारे में बता दें कि इसे साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म सिकंदर का बजट 200 करोड़ रुपये के लगभग है और यह एक मास एंटरटेनर फिल्म है, जिसे गजनी के डायरेक्टर ए आर मुरुगदास ने डायरेक्ट किया है. यह पहली बार है, जब सलमान खान और एआर मुरुगदास साथ में काम करने जा रहे हैं. फिल्म में सलमाम खान और रश्मिका मंदाना की जोड़ी भी पहली बार दिख रही है.

# स्टाइल और ग्लैमर के मामले में दिशा पाटनी पर भी भारी पड़ती है नभा नतेश

## अदाओं से चलाती है खंजर



बॉलीवुड में जब भी सबसे खूबसूरत और फिट एक्ट्रेसेज की बात होती है तो इस लिस्ट में दिशा पाटनी का नाम पहले नंबर पर आता है। दिशा अपनी अदाओं, लटकों-झटकों और अलग स्टाइल से लोगों का दिल जीत लेती हैं। उनके कूल कपड़े हमेशा ही चर्चा में रहते हैं। दिशा हमेशा कम्फी कैजुअल लुक में रहना पसंद करती हैं। वैसे टॉलीवुड में भी एक हीरोइन ऐसी हैं जो लुक्स, ग्लैमरस और स्टाइलिंग के मामले में दिशा पाटनी से जरा भी पीछे नहीं हैं। सोशल मीडिया पर छाई रहने वाली ये हसीना दिशा पाटनी को भी कई मामलों में फेल करती हैं और इनके चाहने वालों की भी लंबी लिस्ट है। इन दिनों इनके पास कई फिल्मी ऑफर हैं और ये साउथ की सबसे व्यस्त एक्ट्रेसेज में से एक हैं। क्या अब आप पहचान पाए कि आखिर ये हीरोइन है कौन? ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि नभा नतेश हैं। एक्ट्रेस अपने स्पेशल गानों से फिल्मों में धूम मचाती रहती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस घिबली आर्ट की वजह से चर्चा में आई हैं। इन्होंने कई घिबली आर्ट फोटो पोस्ट की हैं। वो अपनी हर घिबली आर्ट फोटो में प्यारी लगी हैं। नभा नितेश सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर उनके 5 मिलियन से भी ज्यादा फॉलोवर्स हैं। इनकी हर तस्वीर सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाती है। नभा काफी फिट हैं और जिम में पसीने बहाने के अलावा एक्ट्रेस डांस के जरिए भी खुद को काफी फिट रखती हैं। इस्मार्ट शंकर, डार्लिंग, अल्लुदु अधुर्स, मायस्ट्रो, वज्रकाया, नान्नु दोचुकुंदेवाते जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय करती नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा भी उनके पास कई फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। एक्टर निखिल के साथ फिल्म स्वयंभू में नजर आएंगी। इसमें संयुक्ता मेनन भी उनके साथ लीड रोल में हैं। ऐसा भी कहा जा रहा है कि नभा नतेश निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी और बॉलीवुड स्टार सनी देओल की आने वाली फिल्म में एक स्पेशल सॉन्ग करने वाले हैं। हालांकि इस पर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। दूसरी ओर नभा नतेश को इस समय तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में कई ऑफर मिल रहे हैं। नागबंधम में भी एक्ट्रेस लीड रोल निभाती नजर आएंगी।





# ब्लैकपिंक की लिसा व्हाइट लोटस सीज़न 3 के प्रीमियर में ग्लैमर लेकर आईं लिसा

## द व्हाइट लोटस सीज़न 3 में लक्जरी होटल श्रृंखला की एक कर्मचारी की भूमिका निभा रही हैं

ब्लैकपिंक सदस्य लिसा एचबीओ के द व्हाइट लोटस सीजन 3 में अपने अभिनय की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।<सोमवार को गायिका ने शो के प्रीमियर में लॉस एंजिल्स में बाकी कलाकारों के साथ भाग लिया। लिसा ने मिस सोही द्वारा डिज़ाइन किया गया एक शानदार कस्टम गाउन पहना था। पोशाक की चोली को सफेद कमल के फूल के आकार में बनाया गया था और उस पर सुंदर मोती जड़े गए थे जो पानी की बूंदों की तरह दिखते थे। स्कर्ट का कैनरी पीला कपड़ा उसके पीछे एक लंबी छाप छोड़ गया। यह खास गाउन SS24 शो में मिस सोही के हाउते कॉउचर पीस का एक नया रूप था। लिसा ने थाई डिज़ाइनर सरन द्वारा तैयार किया गया एक पीला कमल भी पहना था। वैरायटी से बातचीत में लिसा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत के बारे में बात की। “मुझे नहीं पता कि अभी क्या महसूस करना है। मैं बस बहुत उत्साहित हूँ। मैं आप सभी लोगों के इस शो को देखने का इंतज़ार नहीं कर सकती।” नवोदित कलाकार ने कहा, “यह मेरा पहला अभिनय [अनुभव] है, इसलिए मुझे नहीं पता कि सेट पर क्या उम्मीद करनी है, लेकिन हर कोई इतना सहायक रहा, जिससे मुझे बहुत मदद मिली। इसलिए आप सभी का धन्यवाद।”




लिसा द व्हाइट लोटस सीजन 3 में एक लक्जरी होटल चेन की कर्मचारी की भूमिका निभा रही हैं , जिसकी कहानी थाईलैंड में सेट है। शो के पहले और दूसरे सीजन की कहानी क्रमशः हवाई और सिसिली में सेट की गई थी। पिछले दोनों सीजनों में ऐसी ही कहानियां थीं, जिनमें परेशान छुट्टियों मनाने वालों के समूह, रमणीय व्हाइट लोटस रिसॉर्ट में अपनी सबसे बुरी और सबसे विशेषाधिकार प्राप्त भावनाओं को प्रकट करते हैं, और उनके कारनामे होटल के कर्मचारियों के साथ जुड़ते हैं। थाईलैंड में लिसा के साथ नताशा रोथवेल, पार्कर पोसी, वाल्टन गोगिंस, जेसन इसाक, मिशेल मोनाघन, लेस्ली बिब, डोम हेट्रकुल, तैमे थापथिमथोंग, क्रिश्चियन फ्रिडेल और जूलियन कोस्तोव भी शामिल हैं। द व्हाइट लोटस का नया सीज़न 16 फरवरी, 2025 को रात 9 बजे EST/ PST पर HBO पर प्रीमियर के लिए तैयार है, जिसमें हर हफ़्ते नए एपिसोड जारी किए जाएँगे। भारत में ये एपिसोड एक दिन बाद Disney+ Hotstar और Jio Cinema Premium पर रिलीज़ किए जाएँगे।



# सनी देओल की जाट का पहला गाना टच किया जारी, जबरदस्त डांस करती दिखीं उर्वशी रौतेला

पिछली बार सनी देओल को फिल्म गदर 2 में देखा गया था, जिसमें हमेशा की तरह उनके काम को काफी सराहा गया। यह फिल्म 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। आने वाले समय में सनी एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। इन्हीं में एक नाम जाट का भी है, जिसके निर्देशन की कमान गोपिचंद मालिनेनी संभाली है। अब निर्माताओं ने जाट का पहला गाना टच किया जारी कर दिया है। टच किया गाने में अभिनेत्री उर्वशी रौतेला जबरदस्त डांस करती दिख रही है। इस गाने को मधुबंती बागची और शाहिद माल्या ने मिलकर गाया है। फिल्म के मेकर्स ने आज इस गाने को लॉन्च किया और यकीन मानिए, टच किया देखते ही लोग अपने




डांसिंग शूज़ पहन लेंगे! गाने में उर्वशी रौतेला अपने बोल्ड डांस मूव्स, ग्लैमरस लुक और दमदार एक्सप्रेशन्स से सबका ध्यान खींच रही हैं। लेकिन सरप्राइज़ फैक्टर हैं विनीत कुमार सिंह, जो फिल्म में गैंगस्टर सोमुलु का किरदार निभा रहे हैं। गाने में वह उर्वशी के साथ धमाकेदार डांस मूव्स दिखाते नज़र आ रहे हैं। जाट में सनी का सामना रणदीप हुड्डा से होने वाला है। सनी फिल्म में रणदीप समेत 6 खलनायकों से भिड़ते हुए नजर आएंगे। भी



हैं। सैयामी खेर भी इसका हिस्सा हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। फिल्म हिंदी, मलयालम, तेलुगू, कन्नड़ और तमिल भाषा में रिलीज होगी।

# PM Modi receives guard of honour in Sri Lanka, defence deal tops agenda

Agency: Prime Minister Narendra Modi received a ceremonial guard of honour in Sri Lanka on Saturday as he kicked off his first visit to the island nation in his third term. Both countries are expected to sign key deals in defence, energy, digital infrastructure, health and trade sectors amid concerns over China's expanding its influence across the Indian Ocean region. This is PM Modi's first visit since Sri Lankan President Anura Kumara Dissanayake took charge last year - and the first by any foreign leader since Dissanayake began his term in 2024. It also comes after Dissanayake's visit to India in December - his first state visit since assuming office. During this visit, PM Modi will be carrying forward India's initiative to help Sri Lanka rebuild after the 2022 economic crisis battered the island nation. He is likely to sign key agreements like the joint venture between India's National Thermal Power Corporation and Sri Lanka's Ceylon Electricity Board for a 120-megawatt solar power plant in Trincomalee that will address the island nation's growing energy needs. Trade, defence, and maritime security will also be on the agenda.

PM Modi's visit comes at a time when Tamil Nadu has passed a resolution to retrieve Katchatheevu from Sri Lanka - an emotive issue for fishermen in the state due to the long-standing dispute over fishing rights around the 285-acre island. All eyes will be on the defence deal expected to be brought up today.

If signed, the deal would mark a new chapter in India's defence ties with its neighbour since the Indian Peacekeeping Mission was forced to withdraw more than three decades ago. With this agreement, New Delhi and Colombo would move strategically closer in terms of joint maritime surveillance, military exercises, and equipment support. On



his last visit, Sri Lanka's new leftist President Anura Kumara Dissanayake, who took office after the Rajapaksas were ousted in a mass movement, thanked India for its "positive and impactful role" in providing development assistance to the island nation amid its crippling debt crisis. Dissanayake was referring to India's help in securing a much-needed USD 2.9 billion IMF bailout during the 2022 economic crisis. Since Sri Lanka's strategic location in the Indian Ocean plays a crucial role in India's maritime security, President Dissanayake's assurance that it will not "permit its territory to be used in any manner inimical to the security of India... as well as towards regional stability" was seen as a welcome step by Delhi last year. PM Modi received a ceremonial welcome at around 9:10 am. Following this, PM Modi will have a closed-door discussion with his Sri Lankan counterpart at 10:20 am. This will be followed by delegation-level talks at around 11 am. Around 11:30 am, the heads of both countries will sign key agreements, and PM Modi will inaugurate several virtual projects in Sri Lanka. In the evening, PM Modi will visit the Taj Samudra Hotel at the invitation of Sri Lankan dignitaries. PM Modi is also slated to visit the Indian Peace Keeping Force memorial in the afternoon and lay a wreath. Around 7.30 pm, President Dissanayake will host a banquet in honour of PM Modi.

## How techie killed his wife after she mocked him with Marathi song

Agency: The man who stabbed his wife to death and stuffed her body into a suitcase before fleeing their south Bengaluru home, has confessed to what drove him to commit the crime, police sources said. Rakesh Khedekar, a senior project coordinator at a private firm, killed his wife, Gouri Sambrekar, 32, on the night of March 26 in their home at Doddakammanahalli, near Hulimavu. The case took unexpected turns as he called Gouri's brother and confessed to murdering her. Rakesh was taken into police custody on April 2.

A senior police officer said that during interrogation, Rakesh admitted to having been disturbed over Gouri always insulting his parents and younger sister. "Gouri would always talk badly about my father, mother and sister. She always insulted them at home and outside. She suggested we shift to Bengaluru, find new jobs, and start a fresh life. She had been dominating me right from her school days. But I was madly in love with her. As she didn't get a job for almost a month in Bengaluru, she wanted us to go back to Mumbai, and she often argued over it," the sources quoted Rakesh as saying. According to his confession, Rakesh and Gouri spent some private time at home on the evening of March 26. Later, they went to a nearby open space for a walk. While returning home, they purchased liquor and snacks. They reached home around 7.30 pm.

Rakesh would drink almost every day after finishing his work. Gouri would keep him company by serving him snacks and playing songs. They both agreed to play their favourite songs on a rotational basis that fateful night. Rakesh sat with the glass and started playing the songs while Gouri prepared rice. After playing a few songs, when Gouri's turn came, she played a Marathi song in which there were some comments about a father-son relationship. She made fun of him with the song. She went near his face, puffed her cheeks and blew air on his face repeatedly. Irritated, Rakesh pushed her. She almost fell near the kitchen. She got angry, took a knife from the kitchen, and threw it at him while hurling abuses at him. In a



fit of rage, Rakesh took the knife and stabbed her twice in the neck and once in the abdomen between 8.45 pm and 9 pm. As she was profusely bleeding, he sat next to her and explained how her actions irritated him, a senior officer said. Gouri had emptied a suitcase to pack clothes and go back to Mumbai. Rakesh claimed that he checked her pulse, and it stopped when he stuffed her body into the suitcase. When he was pulling it towards the bathroom from the kitchen, its handle broke. Rakesh kept the suitcase near the bathroom outlet to drain out the blood. He cleaned the house, and as his plan to take her body failed, he locked the house and left the place around 12.45am. He drove to Shirwal in Maharashtra, where he was caught.

# Adani group firm buys 1-acre SoBo wooded plot for Rs 170 crore

Agency: A Parsi-owned over one acre wooded plot on Carmichael Road in south Mumbai, a residential zone considered one of the priciest real estate in the country, has been sold for Rs 170 crore to Mah-Hill Properties, a subsidiary of Adani Group. According to registration documents sourced by CRE Matrix, a real estate data analytics firm, Behram Nowrosji Gamadia, who inherited the property that goes back to the early part of the 20th century, sold the 4,500 sq m plot to Mah-Hill. A copy of the resolution to buy the property passed by the board of directors of Mah-Hill Properties shows the company's address at Adani Corporate House in Ahmedabad. The deal was registered on March 27 and a stamp duty of Rs 10.5 crore was paid by the buyer. Under the new development plan (DP 2034), the plot is reserved for residential purposes. However, the



land with a green slope was earlier shown for a children's park in the 1991 development plan. Subsequently, BMC reversed its decision and proposed to the state govt to mark the plot once again for a garden/ park and green belt. Interestingly, the state rejected the modification proposed for a garden and earmarked it as a residential zone. The plot is located close to the municipal commissioner's bungalow on Carmichael Road, now officially called M L Dahanukar Marg. On the new development plan map, the green slope continues to remain one, but the rest of the plot is now shown for residential purposes. The plot belonged to Jehangir Nowrosji Gamadia, who passed away in 1927, leaving behind his wife Bai Putli Bai and their minor children Nowroji Jehangir Gamadia and Bai Maneckbai. After his death, Putlibai, Jehangir Hormasji Cama and Behramji Nowroji Gamadia were given control of the land as administrators. Later, the children got a share in the land in 1943 and became joint owners. In 1974, Nowroji signed an agreement with one Samrathmal Seth to develop the plot. A dispute between the heirs of the two parties was settled. As part of the agreement and settlement, Behram Gamadia received Rs 140 crore and the Seths received Rs 30 crore from the developer.

## Russian strike kills 18, including 9 children

Agency: A Russian missile strike on the residential area of Kryvyi Rih killed 18 people, including nine children, and wounded over two dozen others. Ukrainian President Volodymyr Zelenskyy accuses Russia of deliberate attacks and neglecting ceasefire agreements. Russia confirmed the strike, claiming it targeted a restaurant where commanders and Western instructors were meeting.

'Every Russian promise ends with missiles': Zelenskyy after strike kills 18, including 9 children, in his hometown A Russian ballistic missile strike on Kryvyi Rih on Friday killed 18 people, including nine children, according to Ukrainian authorities. The attack occurred in a residential area near a children's playground and wounded more than two dozen others, according to Oleksandr Vilkul, head of the city's military administration. Kryvyi Rih, the home city of Ukrainian President Volodymyr Zelenskyy, was deliberately targeted, the president claimed, accusing Russia of disregarding ceasefire agreements. "These strikes cannot be accidental – the Russians know exactly what they're hitting. They know these are energy facilities that should be protected from attacks under what Russia itself promised to the American side. Every Russian promise ends with missiles or drones, bombs or artillery. Diplomacy means nothing to them," Zelenskyy said in a post on X. Russia's defence ministry confirmed the strike, stating it had "delivered a precision strike with a high-explosive missile at a restaurant" in the city "where commanders of formations and Western instructors were meeting." Videos circulating on social media showed bodies lying on a street and a plume of smoke rising in the aftermath of the blast; however, these remain unverified. Dnipropetrovsk regional governor Sergiy Lysak also condemned the strike.

"Eighteen... that is how many people were killed by the Russians when they launched a missile at Kryvyi Rih. Among them were nine children," Lysak said on Telegram. "This is the kind of pain you wouldn't




wish on your worst enemy," he added. Lysak further confirmed that 61 people were injured in the attack, including 12 children. President Zelenskyy said the attack was further proof that Russia had no interest in halting its full-scale invasion, which began in February 2022. "There is only one reason why this continues — Russia does not want a ceasefire, and we see it. The whole world sees it," he said. In his evening address, Zelenskyy accused Russia of treating diplomacy as an "empty word." "A ceasefire could have been reached by now, and it is Putin who rejects it," he said. Interior minister Ihor Klymenko said five apartment buildings were damaged in the missile strike. Russian President Vladimir Putin reportedly rejected a joint US-Ukrainian proposal for an unconditional and full ceasefire in March. The Kremlin has meanwhile made any potential truce in the Black Sea contingent on the West lifting certain sanctions. US President Donald Trump has called for a quick end to the war since taking office in January, but his administration has not yet been able to secure a ceasefire despite talks with both sides. US secretary of state Marco Rubio said earlier on Friday that Trump was not "going to fall into the trap of endless negotiations" with Russia over the invasion. "We will know soon enough, in a matter of weeks, not months, whether Russia is serious about peace or not," Rubio added.

# Agusta accused claims bid to poison him in Tihar jail

Agency: After Christian Michel James, an alleged middleman in the AgustaWestland case, claimed attempts were made to poison him in prison, a Delhi court sought on Thursday a response from the Tihar Jail authorities on his plea.

Alleging there were attempts to poison him in 2019, he moved an application seeking adequate security arrangements in jail. The court of special judge Sanjeev Aggarwal sought a status report from DG (Prisons), Tihar Jail, on the application filed by James over the "specific serious allegations". "A report be also called from the DG (Prisons), Tihar Jail on the above application of accused No 35 (James) ... with directions to file a status report as to what action was taken with



regard to the allegations made by the aforesaid accused ... regarding the alleged attempts on his life on dates mentioned in the said application by way of poisoning," the judge said, adding that the report must be filed by April 16. The court, meanwhile, also directed the prison authorities to take James to AIIMS Delhi orthopaedic department on April 7, in the morning hours, to be seen by a treating surgeon/doctor to alleviate his pain. Earlier, James complained of persistent pain following surgery on Feb 11 this year. On March 7, days after he was granted bail, James offered to finish his sentence and leave India instead of walking out on bail. Saying that because of "security risks," he would rather finish his sentence and leave India instead of being released on bail, he submitted before the court, "I can't accept the bail. It's unsafe. Every time I step out of Tihar, something happens. The problem I am having is with the police."

# Why US deployed B-2 bomber fleet on Indian Ocean island

Agency: US President Donald Trump on Saturday shared a bird's-eye view of an apparent military airstrike killing dozens of Houthi terrorists in Yemen. It came days after the US sent at least six B-2 stealth bombers to Diego Garcia, a remote island in the Indian Ocean - a move viewed by experts as a bid to deter Iran and its proxies, including the Houthis. The massive deployment of one of the world's most advanced military aircraft, known as 'ghosts of the sky', just 2,400 miles from Iran's coastline, has only added to the tensions in the restive Middle East. An analysis of satellite images from Planet Labs PBC shows six B-2 stealth bombers on the tarmac on the island's airbase, which is managed by the US and UK military. This accounts for 30% of the US's stealth bomber fleet, with experts not ruling out the presence of additional bombers in the hangars. The reason is simple: it's the best the US has, and arguably the best warplane in the world. The bombers, which cost $2 billion each, can evade air defence and radar detection. The B-2 can reach a target anywhere in the world and return to base, and can be re-fuelled midair. The warplane, a Cold War-era product, has been previously used in combat to target the Houthis. The B-2 has been designed in such a way that it has facilities for pilots to store and heat food, as well as a toilet. So far, no B-2 has ever been lost in combat. The move is not a knee-jerk reaction. It is being seen as a pincer attack by Trump - targeting Iranian-backed Houthis for attacking American ships crossing the Red Sea and pressuring Iran over its advancing nuclear program. For several weeks now, the US has been bombarding the Houthis in Yemen. The most significant was in March when airstrikes killed 53 terrorists and wounded almost 100 others. Trump has vowed to continue striking the Houthis until the outfit ceases attacks on commercial ships in the Red Sea, a crucial trade route. Houthis have been targeting ships in the region since the war between Israel and Hamas started in 2023 as a mark of solidarity for Gaza. "Stop shooting at US ships, and we will stop shooting at you... We have only just begun, and the real pain is yet to come, for both the Houthis and their sponsors in Iran," Trump said earlier this week. However, defence analysts have pointed out that deploying as many as six B-2 bombers to Diego Garcia wouldn't be just to target Houthis and had a wider strategy. "Six is a serious number. For Houthi deeply buried targets, two or maybe three, but six B-2s is a major effort," military aviation analyst Peter Layton told CNN. The heavy deployment is also a move to send a message to Iran to renegotiate its nuclear deal with the Trump



administration. In a letter to Iranian Supreme Leader Ayatollah Ali Khamenei last month, Trump gave a two-month deadline to reach a new nuclear deal or face consequences. "There are two ways Iran can be handled: militarily, or you make a deal. I would prefer to make a deal, because I am not looking to hurt Iran," Trump told Fox News last month. Iran, however, has rejected any direct negotiations. While Iran denies having a military nuclear programme, several reports and analysis have revealed that the Middle East nation has accelerated uranium enrichment to near-weapons-grade levels. Notably, Trump, during his first term, withdrew from the




nuclear agreement negotiated in 2015 between the US, Iran and five other global powers. If Iran doesn't come to the negotiating table, its nuclear and weapons storage facilities could be potential US targets. "The B-2 bombers have the ability to carry heavy bombs, including bunker busters capable of potentially damaging Iran's heavily fortified nuclear enrichment sites," Daryl Press, a defence expert, told ABC News.